राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 233
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 18 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 यीडा में बनेगी ग्रीन फील्ड सोलर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट

पेज 4 प्रयागराज में तेज हवाओं से 200 नावें डूबीं : 5 लाख लोग बाढ़

पेज 6 'जब वह खेलते हैं तो टीम ज्यादा हारती है', चौथे टेस्ट से पहले पूर्व

## ओडिशा स्टूडेंट डेथ केस : कांग्रेस सहित 8 पार्टियों का प्रदर्शन

### ट्रेन रोकी; बसों का चक्काजाम, यात्री पैदल जा रहे; हाईवे पर टायर जलाए, दुकानें बंद





**भुवनेश्वर।** ओडिशा में सेक्शुअल हैरेसमेंट की शिकार छात्रा की मौत को लेकर विपक्ष ने गुरुवार को ओडिशा बंद बुलाया। प्रदर्शनकारियों ने भद्रक में ट्रेन को रोक दिया। भुवनेश्वर में बसों का चक्काजाम किया। यात्रियों को पैदल ही घर जाना पड़ा।

भद्रक जिले के चेन्नई-कोलकाता हाईवे पर टायर जलाए गए। जिसके चलते ट्रकों की लंबी कतार लग गई। वहीं आसपास की कई दुकानों को बंद रखा गया। मार्केट में सन्नाटा रहा। मयूरभंज में भी लोग सड़क पर प्रदर्शन करने उतरे।

कांग्रेस सहित 8 विपक्षी पार्टियां इस प्रदर्शन में शामिल हुईं। इनमें बीजू जनता दल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सवादी सीपीआई(एम), सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के नेता-कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में नजर आए। ओडिशा के बालासोर में फकीर मोहन ऑटोनॉमस कॉलेज में छात्रा ने हैरेसमेंट से तंग आकर 12 जुलाई को खुद को आग लगा ली थी। उसे एम्स ले जाया गया जहां 14 जुलाई को 20 साल की स्टूडेंट ने दम तोड़ दिया।

**14 जुलाई : राष्ट्रपति मुर्मू ने पीड़ित छात्रा से मुलाकात की थी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 14 जुलाई को एम्स के बर्न यूनिट में जाकर पीड़िता से मुलाकात की थी। राष्ट्रपति दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए भुवनेश्वर एम्स पहुंची थीं। उन्होंने पीड़िता के परिवार को अच्छे से अच्छा इलाज का आश्वासन दिया था। हालांकि, उसी दिन बाद में छात्रा ने दम तोड़ दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### यमन में भारतीय नर्स को माफी नहीं

**सना।** यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फंसी भारत की नर्स निमिषा प्रिया को माफ करने से महदी परिवार ने इनकार कर दिया है। सीएनबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक महदी के भाई अब्देल फत्तह महदी ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि मैं अपने भाई की हत्या के मामले में कोई माफी या समझौता नहीं चाहता। महदी ने कहा, न्याय की जीत होगी ,भले ही सजा में देरी हो, लेकिन बदला लेकर रहेंगे। चाहे कोई भी कितना दबाव डाले या मिन्नतें करे, हम क्षमा नहीं करेंगे और ब्लड मनी (खून के बदले दी जाने वाली रकम) नहीं लेंगे। निमिषा को मौत की सजा 16 जुलाई को होनी थी, लेकिन इसे फिलहाल टाल दिया गया है।

### ब्रिटेन में 16 साल की उम्र में वोट दे सकेंगे

**इंग्लैंड।** ब्रिटेन में अब वोट डालने की न्यूनतम उम्र अब 18 से घटकर 16 साल हो गई है। सरकार ने ऐलान किया है कि अब 16 और 17 साल के युवा भी अगले आम चुनाव में वोटिंग कर सकते हैं। ब्रिटेन में मतदान की उम्र में आखिरी बार बदलाव 1969 में हुआ था, जब इसे 21 से घटाकर 18 साल किया गया था। इससे पहले 16-17 साल के युवा केवल स्कॉटलैंड और वेल्स में कुछ चुनावों में ही वोट डाल सकते थे, लेकिन अब वे पूरे ब्रिटेन में स्थानीय, क्षेत्रीय और आम चुनावों में हिस्सा ले सकेंगे।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश-वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट पर सवाल

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एअर इंडिया के विमान के दोनों पायलटों के बीच आखिरी बातचीत को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी। WSJ ने बताया कि यह खुलासा दोनों पायलटों के बीच बातचीत की कॉकपिट रिकॉर्डिंग से हुआ है। वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चला कि बोइंग विमान उड़ा रहे को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन सुमीत सभरवाल से पूछा, आपने फ्यूल स्विच को कटऑफ पोजिशन में क्यों कर दिया? सवाल करते समय को-पायलट हैरान थे। उनकी आवाज में घबराहट थी, जबकि कैप्टन सुमीत शांत दिखे। कैप्टन सुमीत सभरवाल के पास 15,638 घंटे और को-पायलट क्लाइव कुंदर के पास 3,403 घंटे उड़ान अनुभव था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने यह बात जांच से जुड़े अमेरिकी सूत्रों के हवाले से दी है।

## पटना के पारस हॉस्पिटल में घुसकर गैंगस्टर का मर्डर

### 10 से ज्यादा हत्या के आरोपी को मारी 4 गोलियां; शूटर ने सुपारी लेकर की हत्या




**पटना।** पटना के पारस अस्पताल में भर्ती गैंगस्टर चंदन मिश्रा की अपराधियों ने अस्पताल के अंदर घुसकर हत्या कर दी। गुरुवार को शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में अस्पताल के आईसीयू में घुसकर गोली मारी गई। 5 की संख्या में आए अपराधियों ने हॉस्पिटल के बाहर गाड़ी खड़ी की, अस्पताल में घुसकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए।

वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने चंदन को शूट करने का वीडियो भी बनाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

मृतक का नाम चंदन मिश्रा है। चंदन, बेऊर जेल से पैरोल पर इलाज के लिए पारस अस्पताल आया था। उसका बवासीर का ऑपरेशन हुआ था।

चंदन बक्सर का रहने वाला था। बक्सर में राजेंद्र केसरी नाम के चूना व्यवसायी की हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी ठहराया था। उसे उम्रकैद की सजा हुई थी।

पटना एसएसपी ने बताया कि चंदन एक कुख्यात अपराधी था। वो10 से ज्यादा मर्डर केस में आरोपी था। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

पटना पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से शूटर की पहचान की है। उसके खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट समेत एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं।

पुलिस का दावा है कि शूटर पटना के फुलवारी शरीफ का रहने वाला है।ये मामला कॉन्ट्रैक्ट किलिंग का लग रहा है।

### मुलाकात



अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, टेक्सास के हूस्टन स्थित अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से पृथ्वी पर सफलतापूर्वक लौटने के एक दिन बाद अपनी पत्नी कामना से मिलते हुए।

### श्री दरबार साहिब को धमकी के बाद सुरक्षा कड़ी

**अमृतसर।** श्री दरबार साहिब अमृतसर को नुकसान पहुंचाने की ईमेल धमकी के बाद पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और टीमें अन्य राज्यों को भेजी गई हैं। आज देर शाम डीसी साक्षी साहनी, पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर, विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर और विधायक डॉ अजय गुप्ता ने बताया कि सीएम भगवंत सिंह मान सुरक्षा एजेंसियों और जिला प्रशासन के संपर्क में हैं। पंजाब पुलिस श्री दरबार साहिब परिसर के बाहर 24 घंटे सुरक्षा दे रही है।

## भील प्रदेश की मांग, 4 राज्यों के आदिवासी बांसवाड़ा पहुंचे

### रोत बोले-जाति के नाम से राज्य नहीं बन सकता तो हिंदू राष्ट्र की बात क्यों?



**बांसवाड़ा।** राजस्थान के बांसवाड़ा में मानगढ़ धाम से एक बार फिर भील प्रदेश बनाने की मांग उठी। इस मांग को लेकर गुरुवार को भील आदिवासी सम्मेलन (भील प्रदेश संदेश यात्रा) में राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्यप्रदेश के आदिवासी जुटे।

बीएपी सांसद राजकुमार रोत ने कहा- जाति के नाम से राज्य नहीं बन सकता तो धर्म के नाम पर हिंदू राष्ट्र बनाने की बात क्यों करते हो? आदिवासी परिवार संस्था के संस्थापक सदस्य मास्टर भंवरलाल परमार ने कहा- आदिवासियों की मांगें 70 साल में भी पूरी नहीं हुईं। आदिवासी भारत का मूल मालिक है। आदिवासियों ने डरना छोड़ दिया है। भील प्रदेश के लिए आंदोलन चलता रहेगा। मानगढ़ धाम आदिवासियों का तीर्थ स्थल है। यहां भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा और आदिवासी परिवार की ओर से सम्मेलन आयोजित किया गया। भील समाज की ओर से राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के 45 जिलों को मिलाकर भील प्रदेश बनाने की मांग वर्षों से की जा रही है।

बांसवाड़ा-डूंगरपुर से सांसद राजकुमार रोत ने कहा- चारों राज्यों के जिन जिलों को भील प्रदेश में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। वे सबसे ज्यादा कुपोषित, अशिक्षित, खराब स्वास्थ्य सेवाओं से जूझ रहे पिछड़े इलाके हैं। उन्होंने कहा- उदयपुर सांसद (मन्नालाल रावत) कह रहे हैं कि पाठ्यक्रम से भील प्रदेश की मांग का चैप्टर हटाया जाए। अब ये मुहिम गांव-गांव पहुंच गई है। भील प्रदेश बना तो अव्यवस्था खत्म होगी।

जो आदिवासी समुदाय का विरोधी है वो विदेशी है। वह इस देश का नहीं हो सकता। हम मानवता में यकीन करते हैं। आदिवासी होने से ज्यादा आदिवासियत होना जरूरी है।

### हैप्पी मॉर्निंग



पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया. ऑपरेटर - आपको क्या समस्या है? पत्नी- मेरे पैर की ऊंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं? पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था। ऑपरेटर चुप



### शायरी

दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे
जब कभी हम दोस्त हो जाएँ तो शर्मिंदा न हों

## बेंगलुरु भगदड़- कर्नाटक सरकार ने आरसीबी को जिम्मेदार बताया

### परेड की इजाजत नहीं ली, कोहली का वीडियो डालकर लोगों को बुलाया; फ्री पास से भीड़ बेकाबू हुई



**बेंगलुरु।** बेंगलुरू में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई। रिपोर्ट में हादसे का जिम्मेदार आरसीबी को बताया गया है। इसमें कोहली का भी जिक्र है। कर्नाटक सरकार ने कहा है कि आरसीबी ने चिन्नास्वामी में आयोजित विक्ट्री परेड के लिए सरकार से कोई अनुमति नहीं ली थी। भीड़ ज्यादा होने से भगदड़ मची। जिसमें 11 लोगों की जान गई और 50 घायल हुए। हालांकि सरकार ने यह भी कहा कि आयोजन को अचानक रद्द करने से हिंसा भड़क सकती थी और शहर में कानून-व्यवस्था बिगड़ जाती।

सरकार ने 15 जुलाई को हाईकोर्ट को रिपोर्ट सौंपी थी। सरकार ने कोर्ट में कहा था कि वे रिपोर्ट को गोपनीय रखना चाहते हैं लेकिन कोर्ट ने कहा कि ऐसी गोपनीयता के लिए कोई कानूनी आधार नहीं है।

वहीं, कर्नाटक के मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने कहा, जब भी कोई बड़ा आयोजन होता है, तो यह विभाग की जिम्मेदारी होती है और निश्चित रूप से चूक हुई है... युवा जानें गई हैं और हम इसे आसानी से नहीं ले सकते और हम कुछ कार्रवाई करेंगे...

### अमरनाथ रूट पर लैंडस्लाइड से महिला की मौत, यात्रा रुकी

**नई दिल्ली।** यूपी में भारी बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं। नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से बुधवार को अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। हिमाचल में 20 जून से अब तक 109 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही भारी बारिश और बादल फटने जैसी घटनाओं से 818 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति का नुकसान हो चुका है। राजस्थान में झालावाड़ का ढाबा गांव चारों ओर से पानी से घिर गया है।

## अजमेर-जयपुर नेशनल हाईवे पर कार पलटी, 4 लोगो की हुई मौत

### सांवलिया सेठ के दर्शन के लिए निकले थे, एक की हालत गंभीर




**अजमेर।** अजमेर-जयपुर नेशनल हाईवे पर कार पलट गई। इसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। कार सवार श्रद्धालु सांवलिया सेठ के दर्शन करने के लिए निकले थे। हादसा अजमेर के मांगलियावास इलाके में बुधवार रात करीब सवा दो बजे हुआ। मरने वाले सभी लोग एक ही गांव के थे।

मांगलियावास थाना क्षेत्र के लामाना गांव में बुधवार रात करीब 2.15 बजे अजमेर-जयपुर हाईवे (राष्ट्रीय राजमार्ग-48) स्थित लामाना कट पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। अजमेर से ब्यावर की तरफ जा रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से रॉन्ग साइड जाकर दूसरी गाड़ी से भिड़ गई। कार के परखच्चे उड़ गए।

कार सवार सूरज पुत्र मोहनलाल, बजरंग लाल पुत्र रामलाल, प्रेमचंद पुत्र बोदूराम प्रजापत, कमलेश पुत्र भंवरलाल यादव की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल विमलेश (23) पुत्र कैलाश का इलाज जवाहर लाल नेहरू हॉस्पिटल में चल रहा है। मरने वाले सभी डीडवाना जिले के चौसला गांव के हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मांगलियावास थाने के एएसआई हुकूम सिंह टीम के साथ पहुंच गए थे।

जेएलएन हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में मंगलियवास पुलिस पहुंच गई है। मृतकों के परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होगी।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
82,259.24
-375.23 (0.45%)
निफ्टी:
25,111.45
-100.60

### मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 33 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 26 डिग्री से0 |
| सूर्योदय शनिवार | : | 5 : 37 |
| सूर्यास्त शुक्रवार | : | 7 : 27 |

## भारत में इस साल 2.39 करोड़ आईफोन बने

**नई दिल्ली।** एपल को ट्रम्प की धमकी के बावजूद अमेरिका में बिकने वाले 78 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे हैं। मार्केट रिसर्चर कैनालिस के मुताबिक 2025 में जनवरी से जून के बीच भारत में 23.9 मिलियन (2 करोड़ 39 लाख) आईफोन बने, जो पिछले साल की तुलना में 53 प्रतिशतज्यादा है। वहीं रिसर्च फर्म साइबरमीडिया रिसर्च के अनुसार भारत से आईफोन का निर्यात (भारत से विदेश भेजे गए आईफोन) भी बढ़कर 22.88 मिलियन (2 करोड़ 28 लाख) यूनिट तक पहुंच गया है। पिछले साल समान अवधि (जनवरी से जून) में ये भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग का आंकड़ा 15.05 मिलियन (1 करोड़ 50 लाख) था। यानी सालाना आधार पर इसमें 52 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कारोबार की बात करें तो 2025 की पहली छमाही में भारत से करीब 1.94 लाख करोड़ रुपए के आईफोन निर्यात किए गए। पिछले साल यही आंकड़ा 1.26 लाख करोड़ रुपए था।

### अमेरिका में निर्यात के मामले में चीन को पीछे छोड़ा

2025 के अप्रैल महीने में भारत से अमेरिका को 33 लाख आईफोन्स भेजे गए। वहीं चीन से भेजे मोबाइल की संख्या 9 लाख रही। जिन आईफोन का निर्माण भारत में हुआ, उनमें से 78 प्रतिशत अमेरिका में भेजे गए। पिछले साल यह आंकड़ा 53 प्रतिशत था।

### गुरुग्राम लैंड डील

**साढ़े 7 करोड़ में जमीन ली, 58 करोड़ में बेची; बोले- मैं सरकार की राजनीति का शिकार**

## गुरुग्राम लैंड डील, रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर



गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम लैंड डील केस में एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने बिजनेसमैन और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट पेश की है। यह चार्जशीट लैंड डील से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पेश की गई है।

यह पहली बार है कि किसी भी जांच एजेंसी ने किसी आपराधिक मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर की हो। वाड्रा के अलावा इस चार्जशीट में कई अन्य लोगों के साथ कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। उनकी 37.64 करोड़ रुपए की संपत्ति भी अटैच की गई है।

इसमें रॉबर्ट वाड्रा ने भी बयान दिया है। उनकी ऑफिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है- वाड्रा जांच में पूरा सहयोग करेंगे। वह निर्दोष हैं, और मौजूदा सरकार की राजनीति का शिकार हो रहे हैं। वह कोर्ट में खुद का बचाव करेंगे और क्लीन चिट पाएंगे। यह मामला सितंबर 2008 का है। जो गुरुग्राम के शिकोहपुर (अब सेक्टर 83) लैंड डील से जुड़ा हुआ है। इस केस में रॉबर्ट वाड्रा के साथ हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ साल 2018 में एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं।

वाड्रा पर आरोप हैं कि उनसे जुड़ी कंपनी ने 7.5 करोड़ रुपए में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। उस वक्त प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और भूपेंद्र हुड्डा मुख्यमंत्री थे। उनकी सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कॉमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था।

आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने यह जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी। आगे चलकर हुड्डा सरकार ने आवासीय परियोजना का लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया।

आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमितताएं की गईं। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया। आगे चलकर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की।

# संपादकीय

## 'प्यारे डॉगी, बेरहम बेटे : संवेदना का उलटा युग'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'कभी इंसानों को देखकर नमस्ते होती थी,
अब कुत्ते देखकर 'बेबी' कहा जाता है।'

यह पंक्ति अब मज़ाक नहीं, हमारी सामाजिक गिरावट का आईना है।

हमारे घरों में अब बुज़ुर्गों की चुप्पी और डॉग्स की सेल्फियाँ बराबर नहीं रहीं — डॉग्स को प्राथमिकता मिलने लगी है।

आज समाज एक अदृश्य बीमारी से ग्रस्त है — दिमागी रेबीज।

यह कोई वायरस नहीं, संवेदना का क्षय है।

### क्या है दिमागी रेबीज?

रेबीज शरीर को गला देता है,
पर दिमागी रेबीज आत्मा को सूखा देता है।
इंसान अब खून के रिश्तों से नहीं,
रील्स, पिक्स और पेट्स से जुड़ा है।
माँ–बाप अपने ही घर में मेहमान से भी बदतर हो गए हैं,
जबकि डॉग्स के लिए है :

- वातानुकूलित कमरे
- बर्थडे केक
- इंस्टाग्राम अकाउंट
- और 'प्यारे बेटे' जैसा सम्मान।

### जब दादी उपेक्षित और डॉगी प्रिय हो जाए

कुछ सच्ची घटनाएँ-

1. दिल्ली के एक रिटायर्ड शिक्षक दंपत्ति ने पुलिस से शिकायत की — बेटे ने घर से निकाल दिया, पर उसी बेटे ने अपने पेट डॉग के लिए नानी की चूड़ियाँ तक तुड़वा दीं, ताकि डॉग की बर्थडे पार्टी हो सके।

2. मुंबई में एक वृद्ध महिला की लाश तीन दिन तक घर में पड़ी रही, बेटा विदेश में था, लेकिन उसी घर में डॉग के लिए रोज़ाना ऑनलाइन फूड डिलीवर हो रहा था।

3. एक नर्सिंग होम में बुज़ुर्ग माँ ने मोबाइल पर अपनी बेटी की शादी की तस्वीर देखी, बेटी खुद नहीं आई थी, पर अपने पालतू डॉग का एक विडियो संदेश जरूर भेजा था — 'दादी को मिस कर रहे हैं।'

### तकनीक ने जोड़ा, भावनाओं ने तोड़ा

हम वीडियो कॉल से दुनिया के छोर पर बात कर सकते हैं,
पर घर में माँ की आँखों में झाँकने की हिम्मत नहीं बची।
हमने फॉलोअर्स की भीड़ बना ली है,
पर एक भी ऐसा इंसान नहीं बचा, जिससे दिल की बात कह सकें।

हम इंसानों से भागते हैं, जानवरों में अपनापन ढूंढते हैं — यही दिमागी रेबीज का असली लक्षण है।

कुत्ते पालना गुनाह नहीं, पर
पालतू जानवरों से प्रेम एक सुंदर भावना है —
पर इंसानों की उपेक्षा अमानवीयता की पराकाष्ठा है।
कुत्ता वफ़ादार हो सकता है,
पर माँ–बाप की जगह नहीं ले सकता।

बुज़ुर्गों की कहानियाँ और बच्चों की किलकारियाँ किसी भी सभ्य समाज की असली धरोहर होती हैं।

उनकी जगह इंस्टा–डॉग्स और सिलेब्रिटी पपीज ले लें — ये एक अंधे युग की निशानी है।

### इस पागलपन से लौटने की ज़रूरत है

- बच्चों को ब्रांड नहीं, संवेदना सिखाइए
- रिश्तों में तकनीक लाइए, पर दिल में अपनापन भी रखिए
- माँ–बाप की हँसी और दादी की कहानियाँ फिर से सुनिए
- इंसानों की सुनिए, वरना एक दिन हर दिल अकेला भौंकता मिलेगा

### आखिरी सवाल

अगर हम इंसानों से ज़्यादा कुत्तों पर भरोसा करने लगे हैं,
तो सवाल ये नहीं कि कुत्ते अच्छे हैं —
सवाल ये है कि हमने इंसानों को इतना घटिया क्यों बना दिया ?

**संवेदना का पुनर्जागरण ही इस युग की सबसे बड़ी क्रांति होगी।**

## फैशन शो या देह प्रदर्शन?

घर पर टीवी पर
फैशन शो देख रहा था
मन ही मन अपने को कोस रहा था।

टीवी पर क्या आया फैशन शो
परिवार के लिए हो गया टेंशन शो
षोडशियों की लगी तबी होड़
खड़ी थी कतार में
अपनी खुली टांगे जोड़।

शरीर पर कपड़े क्या थे
बचे कुचे चंद चिथड़े थे
ऊपर से लेकर नीचे तक
आगे से लेकर पीछे तक।

सब कुछ पारदर्शी
खुले तौर पर झांक रहा था
शो में मौजूद
दर्शक बुरी नजरों से ताक रहा था।

जिसे बालाएं समझ रही थी
प्रगति का अच्छा फैशन शो
वह था केवल भोंडा अंग प्रदर्शन
और
कंचन बालाओं का देह दर्शन।

भारतीय संस्कृति का खुला उपहास
भारतीय नारी पर खुला अट्टहास।

ऐसे में क्या हो पाएगा
युवा पीढ़ी में चरित्र का विकास
इन्हीं हरकतों से होता है
संस्कृति का विनाश।

# भारत की प्रगति पर ब्रेक के बाद उठती अमेरिकी खींझ के वैश्विक कूटनीतिक मायने को ऐसे समझिए

कमलेश पांडे



अमेरिका को गलतफहमी है कि अमेरिका–यूरोप का सहयोग लेकर भारत भी चीन की तरह आशातीत प्रगति कर चुका है और जब तक ये दोनों देश रूस के साथ मित्रता रखेंगे, तब तक नाटो देशों की वैश्विक बादशाहत को रूस, भारत, ईरान जैसे देशों से चुनौती मिलती रहेगी।

आपने रस्सी जल गई, ऐंठन नहीं टूटी वाली कहावत सुनी होगी। यही हालात आज दुनिया के थानेदार अमेरिका की है। एक ओर रूस के दृढ़ निश्चय से यूक्रेन में नाटो देश यानी अमेरिका–यूरोप की खुराफात बुरी तरह से पिट चुकी है। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान पर भारत के दमदार पलटवार और इजरायल पर ईरान के अप्रत्याशित पलटवार से अमेरिकी वैश्विक बादशाहत को करारा तमाचा लगा है। इन घटनाओं से साफ है कि अमेरिकी और यूरोपीय पश्चिमी देश अब अपराजेय नहीं रहे, बल्कि उनकी फूट डालो और शासन करो की नीति को एशियाई और अफ्रीकी देश भांप चुके हैं।

इधर पूर्वी देशों में चीनी जिद्द से रूस (सोवियत संघ के जनक) और भारत की अमेरिका विरोधी नीति सफल नहीं हो पा रही है, क्योंकि भारत विरोधी पाकिस्तान से अमेरिका के अलावा अब चीन भी प्रेम करने लगा है। इससे उत्तर कोरिया भी भारत के साथ खुलकर मैदान में नहीं आ पा रहा है, जबकि वह चीन और रूस का मित्र है। दो टूक शब्दों में कहा जाए तो रूस अब अमेरिकी और यूरोपीय देशों को करारा जवाब दे सकता है, भारत से दिलवा सकता है, लेकिन चीन के पाकिस्तान प्रेम और भारत से रणनीतिक शत्रुतापूर्ण प्रतिस्पर्धा से एशियाई देशों में अभी भी अमेरिकी–यूरोपीय दाल गल रही है।

ऐसा इसलिए कि वैश्विक कूटनीति में सभी देश अपना–अपना हित देख रहे हैं। इधर भारत के विश्वव्यापी कूटनीतिक प्रभावों से अमेरिका–यूरोप व अमेरिका–अरब देशों में जो रणनीतिक व कारोबारी खटास की नींव पड़ी है, अरब देशों में अमेरिकी चौधराहट को जो तगड़ा धक्का लगा है, उससे अमेरिका बौखलाया हुआ है। कहाँ वह भारत को अपने पाले में करके पहले चीन को सबक सिखाता और फिर पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को कमजोर करता। लेकिन भारत के चतुर मोदी प्रशासन ने रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से पुरानी दोस्ती का हवाला देते हुए जो वफादारी दिखाई, उससे अमेरिकी शतरंज की चाल बिखर गई और उसके हथियार निर्माता कम्पनियों के तमाम अरमानों पर पानी फिर गया।

ऐसा इसलिए कि भारत के प्रशासन ने सूझबूझ के साथ कदम बढ़ाते हुए अमेरिकी, रूसी, चीनी, यूरोपीय, अरब, अफ्रीकी, ऑस्ट्रेलियाई और दक्षिण अमेरिकी और दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों के साथ जो व्यवहारिक और गिव एंड टेक भरे कदम उठाए, उससे जहां एक ओर रूस–भारत के सम्बन्धों को मजबूती मिली, वहीं अमेरिका और उसके कारोबारी पार्टनर चीन (अब प्रतिस्पर्धी देश) की आर्थिक गतिविधियों और सैन्य रणनीतियों को करारा जवाब मिला। इसी के बदौलत जहां अफगानिस्तान से भारत के रिश्ते पटरी पर लौटे, वहीं इजरायल से मित्रता के बावजूद ईरान से सम्बन्ध खराब नहीं हुए। इन्हीं सब बातों को लेकर अमेरिका बौखलाया हुआ है।

दरअसल, अमेरिका को गलतफहमी है कि अमेरिका–यूरोप का सहयोग लेकर भारत भी चीन की तरह आशातीत प्रगति कर चुका है और जब तक ये दोनों देश रूस के साथ मित्रता रखेंगे, तब तक नाटो देशों की वैश्विक बादशाहत को रूस, भारत, ईरान जैसे देशों से चुनौती मिलती रहेगी। यही वजह है कि रूस के साथ व्यापार को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया चेतावनी भारत–अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर चल रही बातचीत में अड़चन पैदा कर सकती है। ऐसा इसलिए कि यूक्रेन युद्ध रुकवाने में नाकाम रहे डोनाल्ड ट्रंप अब दूसरे जरियों से मॉस्को पर दबाव बनाना चाहते हैं। हालांकि इसमें सफलता की गारंटी लेशमात्र भी नहीं है और इससे दुनिया में नया तनाव पैदा हो सकता है।

देखा जाए तो ट्रंप ने युद्ध खत्म करने के लिए रूस को और 50 दिनों की मोहलत दी है, और यही डेडलाइन उन्होंने उन देशों के लिए रखी है, जो रूस से तेल समेत दूसरे सामान खरीदते हैं। यानी भारत और चीन, जिनके मतलबी सम्बन्ध रूस और अमेरिका दोनों से हैं। यही वजह है कि अमेरिका की नई धमकी है कि इसके बाद इन देशों पर शत (100) प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। उधर, यही बात नैटो महासचिव मार्क रूट भी दोहरा रहे हैं। उन्होंने तो सीधे–सीधे भारत, चीन और ब्राजील का नाम लिया कि इन देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शांति के लिए बात करनी चाहिए। क्योंकि ये देश ही रूस से तेल खरीदते हैं।

बताया जाता है कि कुछ वक्त पहले तक ट्रंप इस बात पर डटे थे कि किसी भी सूरत में यूक्रेन युद्ध रुकना चाहिए। लेकिन, जब उनका दबाव रूस पर कारगर नहीं हुआ, तो उन्होंने अपनी चुगलखोर रणनीति बदल दी। अब वह यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने के लिए तैयार हैं और पूछ भी रहे हैं कि क्या रूस पर हमला कर लोगे? ऐसा इसलिए कि अमेरिकी और दूसरे पश्चिमी देश चाहते हैं कि रूस को झुकाने में बाकी दुनिया भी उसका साथ दे- खासकर भारत और चीन।

उल्लेखनीय है कि साल 2022 में, जब से रूस–यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से अमेरिका की यही कोशिश है। पहले भी उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर सवाल उठाए थे और यहां से उसे इसका माकूल जवाब भी मिला था कि दुनिया के हर हिस्से के अपने–अपने हित होते हैं और इस पर यदि अपनी अपनी न चलाई जाए, तो यही सबके हित में बेहतर है। अमेरिका–यूरोप जो काम खुद करते हैं, वही करने के लिए पूरब के देशों को रोकते हैं, ताकि उनकी वैश्विक बादशाहत को रूसी–चीनी–भारतीय चुनौती कभी नहीं मिले। इसके लिये पाकिस्तान, अरब देश और ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान आदि उनके मोहरे हैं।


जहां तक तेल का व्यापार का सवाल है तो साल 2024–25 में भारत और रूस के बीच 68.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। इसमें सबसे ज्यादा फोकस में रहा तेल। जबकि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले तक देश की ज्यादातर तेल जरूरत मिडल ईस्ट से पूरी होती थी और तब रूस से केवल एक फीसदी क्रूड ऑयल ही आता था। लेकिन आज यह हिस्सा एक तिहाई से ज्यादा है। मई 2025 में भारत ने रूस से हर दिन करीब 20 लाख बैरल तेल मंगाया था। इस व्यापार के पीछे साधारण–सा लॉजिक है, बचत। इसलिए भारत अमेरिका के समक्ष अपनी बात मजबूती से रखता है।

कहना न होगा कि हर द्विपक्षीय वैश्विक रिश्ते को मुनाफे में तौलने वाले कारोबारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत–रूस संबंधों को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। वाकई उनके दबाव बनाने के पीछे एक वजह ब्रिक्स नामक वैश्विक संगठन भी है, जिसकी सक्रियता उन्हें पसंद नहीं आ रही। क्योंकि इससे जी–7 देशों को चुनौती मिलती है। इसलिए भारत को इस मामले में अमेरिका के सामने अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए, जिसे पिछली बाइडन सरकार ने समझा भी था। एक तरफ तो डोनाल्ड ट्रंप रूस को जी–7 में शामिल करके जी–8 और चीन को शामिल करके जी–9 बनाना चाहते हैं, लेकिन दुनिया की तीसरी बड़ी सैन्य शक्ति और चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति भारत को पीछे धकेलना चाहते हैं, जिससे भारत का कुछ नहीं बिगड़ेगा, लेकिन अमेरिकी वैश्विक चौधराहट धीरे धीरे चीन द्वारा खत्म कर दी जाएगी। शुरुआत हो चुकी है।

इसलिए भारत की आशातीत प्रगति पर ब्रेक के बाद उठती अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की खींझ के वैश्विक कूटनीतिक मायने स्पष्ट हैं। भारत को अपने गुटनिरपेक्ष पथ पर अडिग रहना चाहिए। वह ग्लोबल साउथ को साधकर एक साथ अमेरिकी–चीनी चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम है। कभी बात–बात में युद्ध छेड़–छिड़वा देने वाला अमेरिका इसलिए चन्द्रायण व्रत कर लिया है, क्योंकि पहले वियतनाम में, फिर लीबिया, में, ततपश्चात अफगानिस्तान में जिस तरह से वह अपने मिशन में फेल हुआ, उससे इराकी सफलता और सीरियाई विफलता ने और अधिक दु:खदाई बना दिया। इसलिए अब अमेरिका खुद युद्ध नहीं करेगा, बल्कि यूक्रेन, इजरायल, पाकिस्तान आदि की पीठ पर हाथ रखकर करवाएगा। भारत इसे समझता है। इसलिए वह अमेरिकी जाल में नहीं फंसा, बल्कि चिड़ियों की तरह अमेरिकी जाल ही ले उड़ा, जिसे रूसी चूहे कुतर रहे हैं! शिकारी अमेरिका मन मसोसकर पाकिस्तान की शरण में शरणागत बना बैठा है। उसपर चीन का जो शिकंजा है सो अलग।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3593




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3592 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक साहब अपने दोस्त से कहने लगे- ''मेरी घरवाली बहुत झुठी है. वह कल दो घण्टे घर से गायब रही और वापसी पर मुझे बताया कि वह अपनी सहेली गीता के साथ फिल्म देखने गई थी !''

''मगर तुम्हें इस बात का पता कैसे चला कि वह झूठ बोल रही है.''

''उस समय मैं गीता के साथ फिल्म देख रहा था.'' साहब ने जवाब दिया.

इस पर दोस्त खामोश हो गया.

□ □ □

एक महिला एक निमन्त्रण में गई.


वहां उसने हर व्यक्ति को अपनी उम्र अलग-अलग बताई. किसी को बीस, किसी को पच्चीस तो किसी को तीस. यह देख उसकी एकमात्र बेटी उसे खींचकर कोने में ले गई और बोली-''मम्मी ! तुम किसी को कुछ भी आयु बताओ ! मगर इतना ध्यान अवश्य रखना कि मेरी और तुम्हारी उम्र में कम-से-कम नौ महीने का अन्तर रहे.''

□ □ □

एक आदमी ने जज से अपनी घरवाली को तलाक देने का कारण बताते हुए कहा- ''मेरी घरवाली ने शादी के बाद से अब तक केवल एक बेटी को जन्म दिया है. मगर मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं एक बेटे का बाप बनूं.''

इस पर पत्नी तमककर बोली-''जज साहब ! अगर मैं इनके भरोसे रहती तो यह बेटी भी नहीं होती !''

## फिल्म वर्ग पहेली- 3593



**बायें से दायें:-**

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरूख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका ?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका ?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3592



## सूडोकु -3593

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3592 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3593



**बाएँ से दाएँ**

1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**

1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

शब्द पहेली - 3592 का हल



# यीडा में बनेगी ग्रीन फील्ड सोलर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट

## 200 एकड़ में होगा निर्माण, 8200 करोड़ का निवेश, 2500 को मिलेगा रोजगार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एसईएएल सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के बाद यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 8 में ग्रीनफील्ड सोलर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट लगेगी। 200 एकड़ में फैली इस परियोजना में 8,200 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आएगा।




यह भारत के सौर मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक बड़ा कदम होगा। इस योजना से करीब 2500 लोगों को रोजगार मिलेगा।
इस इंटीग्रेटेड में 5 गीगावाट सोलर सेल और 5 गीगावाट सोलर मॉड्यूल का प्रोडक्शन करेगी। शुरू होने के बाद कंपनी की कुल मॉड्यूल मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता 8.5 गीगावाट तक बढ़गी। इस परियोजना का क्रियान्वयन एसईएएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी एसईएएल सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। ये किफायती टिकाऊ और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों पर केंद्रित है। वर्तमान में कंपनी के पास पूरे भारत में 6.7 गीगावाट से अधिक सौर परियोजनाएं हैं।

### अल्ट्रा मेगा श्रेणी में रखा गया

यीडा के एक अधिकारी ने बताया कि इस परियोजना को अल्ट्रा मेगा श्रेणी में रखा गया है। जिसमें मिनिमम 3,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक का निवेश शामिल है।
अधिकारी ने कहा, यह अब तक हमें प्राप्त सबसे बड़े निवेशों में से एक है और यह क्षेत्र ग्रीनफील्ड औद्योगिक विकास को एक बड़ा बढ़ावा देता है। यीडा ने 24 फरवरी 2025 को कंपनी को लेटर ऑफ इंटेंट जारी करने के बाद प्रस्ताव आगे बढ़ाया। इसके बाद10 जुलाई को Invest UP ने परियोजना को मंजूरी दे दी और एक लेटर ऑफ़ कम्फर्ट जारी किया।

### आवंटन की प्रक्रिया तेज

यीडा ने तब से भूमि आवंटन प्रक्रिया में तेजी ला दी है। इस महीने के भीतर 200 एकड़ की जगह सौंपने की उम्मीद है।
यह संयंत्र न केवल सेल और मॉड्यूल का उत्पादन करेगा, बल्कि संचालन में उपयोग किए जाने वाले सहायक घटकों का भी निर्माण करेगा। अधिकारियों का अनुमान है कि इस परियोजना से क्षेत्र में लगभग 2,500 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## नोएडा को गोल्डन सिटी के लिए राष्ट्रपति से मिला सम्मान

**नोएडा।** नोएडा को स्वच्छता सर्वेक्षण में गोल्डन सिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम को दिया। यह सर्वेक्षण 12500 अंक का था। जिसमें नोएडा प्राधिकरण को 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक मिले। यह सर्वेक्षण शहरी और आवास मंत्रालय की तरफ से किया गया था। जिसमें शहर की साफ सफाई के लिए मंत्रालय की टीम ने औचक निरीक्षण तक किया था। इससे पहले भी नोएडा को 2021, 2022, 2023 में सम्मान मिल चुका है। नोएडा 3 लाख से ज्यादा ओर 10 लाख से कम की आबादी की श्रेणी में आता है। 3 से 10 लाख की श्रेणी में नोएडा ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं दूसरा चंडीगढ़ है। इस लीग में स्मॉल सिटी, वैरी स्मॉल सिटी , मीडियम सिटी, बिग सिटी और मिलियन प्लस सिटी की श्रेणी है। इसमें नोएडा मीडियम सिटी की श्रेणी में आता है। ये श्रेणी आबादी की हिसाब से डिसाइड की जाती है। बता दें, स्वच्छता सर्वेक्षण में नोएडा को 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में पहले स्थान मिला था। जबकि 2022 में इसी श्रेणी में नोएडा को पांचवां स्थान मिला था। वहीं प्रदेश में लगातार दूसरे साल भी नोएडा पहले स्थान पर रहा।

# नोएडा में करोबारी से ठगे 4 रुपए करोड़

## फर्जी दस्तावेज लगाकर 10 करोड़ का लोन दिलाया, अदालत के आदेश पर छह पर मुकदमा

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र स्थित एक कंपनी के मालिक को दिल्ली निवासी व्यक्ति की संपत्ति के फर्जी दस्तावेज पर 10 करोड़ रुपए का लोन दिला दिया।
आरोपियों ने इसके एवज में चार करोड़ रुपए ठग लिए। पीड़ित ने अदालत के आदेश पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।
सेक्टर-129 निवासी संदीप कुमार ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपनी कंपनी में निदेशक हैं। कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाती है। उन्हें कारोबार को बढ़ाने के लिए रुपयों की आवश्यकता थी।
साल 2021 में लोन एजेंट सलमान से संपर्क किया। उसने 10 करोड़ रुपए का लोन दिलाने का आश्वासन दिया। उन्हें दिल्ली के शालीमार बाग निवासी आशीष गोगिया से मिलवाया।
दोनों ने पीड़ित को सेक्टर-18 स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा के कर्मचारी प्रियंका अग्रवाल और कथित क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष सिंह से मिलवाया।

### लोन के एवज में बनाना होगा कंपनी में निदेशक

दोनों कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि वह संपत्ति की एवज में इतनी बड़ी राशि बतौर लोन देते हैं। पीड़ित ने उन्हें बताया कि इतनी बड़ी रकम के लिए उनके पास संपत्ति नहीं है। इसके बावजूद आरोपियों ने उनकी संपत्ति के दस्तावेज मंगवा लिए।
साथ ही कहा कि वह एक ऐसा व्यक्ति देंगे, जिसके पास इतनी धनराशि की संपत्ति है।
वह दोनों लोगों की संपत्ति मिलाकर लोन जारी करा देंगे। इस पर बैंक कर्मियों ने शर्त रखी कि इसकी एवज में उस व्यक्ति को उन्हें कंपनी में निदेशक बनाना होगा।

### दिल्ली के व्यक्ति की संपत्ति पर लिया लोन

साथ ही लोन की रकम में से 30 प्रतिशत उस व्यक्ति को देने होंगे। दोनों बैंक कर्मियों ने दिल्ली के पटेल नगर निवासी अनिल शर्मा नामक व्यक्ति से मिलवाया।
उसके पास 300 वर्गगज का एक भूखंड दिल्ली के शकरपुर में था। बैंक कर्मियों के कहने पर शिकायतकर्ता ने अनिल शर्मा को अपनी कंपनी में निदेशक बना दिया।

## शार्ट न्यूज

### रोडरेज में युवक को लात-घूसों से पीटा

**नोएडा।** नोएडा में रोड रेज के मामले में एक युवक को तीन लोगों ने बुरी तरह से पीटा। घटना सेक्टर-58 की है। यहां दो कार आपस में टकरा गई थी। जिसके बाद मारुती सियाज कार सवार लोगों ने इनोवा में बैठे एक व्यक्ति को जमकर पीटा। जब तक वो बेहोश नहीं हो गया। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-58 पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया है। वहीं घायल पीड़ित का इलाज नोएडा के सेक्टर-71 कैलाश अस्पताल में चल रहा है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें साफ दिख रहा है कि एक युवक को सड़क पर लात घूसों से बुरी तरह पीटा जा रहा है। पीड़ित वरुण चावला सेक्टर-122 में रहते है। वो रोज की तरह सुबह अपनी इनोवा कार से ऑफिस सेक्टर-61 जा रहे थे। उनके साथ उनका एक साथी विष्णु भी था। सेक्टर-58 के पास उनकी इनोवा कार मारुति सियाज से टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही सियाज से तीन लोग नीचे उतरे। बिना बात किए पहले गालीगलौज करने लगे। इसके बाद विष्णु को कार से खींचकर नीचे उतारा और मारपीट करने लगे। ये पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

### ग्रेटर नोएडा में वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बीटा-2 पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। इन पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थीं। पुलिस ने एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक चाकू भी बरामद किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान नट मढैया गोल चक्कर के पास से चारों आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों की पहचान दिलीप, अजय, जैद और राज के रूप में हुई है। दिलीप अलीगढ़ का रहने वाला है। अजय झारखंड के गुमला का निवासी है। जैद मेरठ का और राज हाथरस का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में रेकी कर दोपहिया वाहनों की चोरी करते थे। पकड़े जाने के डर से चोरी के वाहनों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाते थे। आरोपी अवैध हथियार भी रखते थे। चोरी की गई बाइक को बेचकर अवैध धन कमाते थे। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### किसानों की महापंचायत 30 जुलाई को

**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की महापंचायत 30 जुलाई को ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया अंडरपास पर आयोजित की जाएगी। इसकी तैयारी के लिए गुरुवार को बल्लूखेड़ा गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसानों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। उनका कहना है कि तीनों प्राधिकरणों ने गांवों की बैक लीज पर सिर्फ कागजी कार्रवाई की है। किसानों को 10 प्रतिशत प्लॉट देने के लिए गांव-गांव बैठकें की गईं। लेकिन अभी तक किसान कोटे के प्लॉट नहीं दिए गए हैं। स्थानीय युवाओं के रोजगार का मुद्दा भी प्रमुख है। क्षेत्र में बड़ी कंपनियां खुल रही हैं। परंतु स्थानीय लोगों को नौकरियों में प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। किसानों ने यह भी बताया कि लंबे समय से जमीन का सर्किट रेट नहीं बढ़ाया गया है। गोष्ठी में रोबिन नागर, राजे प्रधान, राजीव मलिक, अनित कसाना, जगत प्रधान, सुनील प्रधान समेत कई किसान नेता मौजूद रहे। सभी ने इन मुद्दों को महापंचायत में उठाने का निर्णय लिया।

### दवाओं की गुणवत्ता मानक अनुरूप रहे, औषधि निरीक्षक अभियान चलाकर कर रहे हैं जांच

**गौतम बुद्ध नगर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद के मेडिकल स्टोर्स पर मानकों के अनुरूप दवाईयों की बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विगत दिवस औषधि निरीक्षक जय सिंह ने जेवर क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान मोनू मेडिकल स्टोर रबूपुरा जेवर से 02 दवाओं के नमूने जांच हेतु संग्रहित किये हैं। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बताया कि जांच के दौरान आसपास के सभी मेडिकल स्टोर बंद मिले। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में सभी प्रकार की दवाइयां मानकों एवं गुणवत्ता के साथ सभी मेडिकल स्टोर्स पर बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आगे भी इसी प्रकार अभियान संचालित करते हुए मेडिकल स्टोर्स पर दवाओं की जांच की जाएगी।

### तालाब में डूबा 30 साल का युवक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक दुखद घटना सामने आई। मकनपुर बांगर गांव में 30 वर्षीय राहुल की तालाब में डूबने से मौत हो गई। राहुल मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। बुधवार शाम को बारिश के दौरान राहुल गांव के तालाब में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया। कुछ ग्रामीणों ने उन्हें डूबते देखा और बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक वह काफी गहराई में जा चुका था। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद पानी से बाहर निकाला। लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ महीने पहले प्राधिकरण ने तालाब की सफाई की थी। इससे तालाब की गहराई बढ़ गई थी। बारिश का पानी भरा होने के कारण राहुल को गहराई का अंदाजा नहीं हो पाया। राहुल के पिता का नाम अमर सिंह है। लगभग ढाई साल पहले राहुल की पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि नहाते समय डूबने से यह हादसा हुआ है। पुलिस के अनुसार, मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया है। राहुल की मौत से परिवार के लोग शोक में डूबे हुए हैं।

# ग्रेटर नोएडा में किसानों का विरोध

## कोर्ट स्टे के बाद भी मार्केट तोड़ी, प्लॉट नहीं मिला; किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में भारतीय किसान यूनियन बलराज के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। किसान नोएडा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से नाराज हैं। प्राधिकरण ने हाईकोर्ट से स्टे होने के बावजूद शहदरा गांव सेक्टर 142 में स्थित मार्केट को अवैध बताकर तोड़ दिया।
प्राधिकरण ने किसानों की समस्याओं का समाधान 20 दिन में करने का वादा किया था। डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला है।



किसानों का कहना है कि उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था। इसके बदले में उन्हें 10 प्रतिशत प्लॉट देने की बात हुई थी। लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने अभी तक यह प्लॉट नहीं दिया है। किसान नेताओं ने जिला प्रशासन और डीसीपी सेंट्रल नोएडा कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

# पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल

**नोएडा। वकार सैफी।** थाना 49 पुलिस और रेकी कर बंद मकान में चोरी करने वाले बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दोनों शातिर किस्म के चोर हैं जिनके पास तमंचा, कारतूस, चोरी के जेवरात, 4 मोबाइल और बाइक बरामद हुई है।

### पहले रेकी फिर ताला तोड़ कर मकान मे करते थे चोरी

बता दे कि पुलिस की गोली लगने से घायल दोनों बदमाशों की पहचान अनिल उर्फ अनु उर्फ बिल्ला और करण शर्मा उर्फ़ गोपाल उर्फ काकू के रूप में हुई है। एडीसीपी नोएडा ने



बताया कि थाना 49 पुलिस को सेक्टर 76 मेट्रो स्टेशन के पास चेकिंग के दौरान इनपुट मिला था, कि दो शातिर बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे हैं। तभी बरोला टी पॉइंट की तरफ से दो बाइक सवार आते दिखाई दिए पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो पुलिस टीम पर फायर कर भागने लगे । पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दोनों घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
एडीसीपी नोएडा ने बताया कि पूछताछ के दौरान बदमाशों ने बताया कि वह दिन में बंद मकान में रेकी करते थे और रात को ताला तोड़कर जेवरात और कीमती सामानों की चोरी करते थे। एडीसीपी ने बताया कि यह दो शातिर किस्म के चोर हैं। अनिल के ऊपर अलग-अलग थाना में आठ मुकदमे और करण के ऊपर पांच मुकदमे दर्ज हैं। इन बदमाशों ने हिमाचल में भी चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है।
इनके कब्जे से तमंचा, कारतूस सोने की चेन, कान के टॉप्स, तीन अंगूठियां, एक गले का पेंडेंट चार मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल की जाने वाली बाइक बरामद की गई है। बरामद किए गए समान के संबंध में थाना 49 में मुकदमा दर्ज है। पुलिस बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी हासिल करने में जुटी है।

# ग्रेटर नोएडा में चेन स्नैचिंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने रेलवे ट्रैक के पास से पकड़ा, चोरी की बाइक और चेन बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने चेन स्नैचिंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो सोने की चेन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दादरी थाना क्षेत्र में कंट्रोल रूम को चेन स्नैचिंग की सूचना मिली। सूचना में बताया गया कि बदमाशों ने फायरिंग भी की है और अजायबपुर रेलवे स्टेशन की तरफ भाग गए हैं। पीआरवी 2554 और 1860 को तुरंत मौके पर भेजा गया। एक घंटे की तलाश के बाद पुलिस ने न्यू बोडाकी



रेलवे जंक्शन के पास फोरमी कंपनी के पीछे से तीनों आरोपियों को पकड़ लिया. आरोपियों की पहचान मुकेश यादव (सम्भल), संजू यादव (बदायूं) और गौरव बाल्मिकी (बुलंदशहर) के रूप में हुई है।

### आरोपियों के आपराधिक इतिहास का जांच कर रही है पुलिस

पूछताछ में पता चला कि एक चेन आज फोरमी कंपनी के पास से छीनी गई थी। दूसरी चेन पहले की वारदात से जुड़ी है।
बरामद मोटरसाइकिल भी चोरी की निकली। संजू यादव और गौरव बाल्मिकी पहले भी जेल जा चुके हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

## हिसार में दलित किशोर की मौत का मामला

# पुलिस पर हत्या का आरोप, वाल्मीकि समाज ने किया विरोध प्रदर्शन

**जेवर।** हिसार में एक दलित किशोर की मौत के मामले में वाल्मीकि समाज ने ग्रेटर नोएडा में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया है। रॉयल वाल्मीकि आर्मी के जिलाध्यक्ष संजय ढकौलिया के अनुसार, 7 जुलाई को हिसार में 16 वर्षीय गणेश वाल्मीकि अपना जन्मदिन मना रहा था। पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे और मारपीट की। आरोप है कि पुलिस ने किशोर को छत से धक्का दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के 11 दिन बाद भी हिसार पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज वाल्मीकि समाज के लोगों ने गुरुवार शाम को ग्रेटर नोएडा की दनकौर कोतवाली में प्रदर्शन किया।
प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो 19 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर देशभर के वाल्मीकि समाज के लोग बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

# शासन एवं डीएम के निर्देशों के अनुपालन में फर्टिलाइजर टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई

## 28 उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, 07 नमूने जांच को भेजे

**गौतमबुद्धनगर।** शासन एवं जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में किसानों को उनकी जोत एवं कृषि भूमि के आधार पर फसलों हेतु संस्तुत मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की बिक्री/वितरण के साथ अन्य उत्पादों की अनिवार्य टैगिंग, ओवर रेटिंग, कालाबाजारी एवं तस्करी जैसी गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से फर्टिलाइजर टास्क फोर्स द्वारा सतत निगरानी व कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।
इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि आज कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा जनपद की तीनों तहसीलों सदर, जेवर एवं दादरी में उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई।
उन्होंने बताया कि तहसील सदर क्षेत्र में उप कृषि निदेशक की टीम, तहसील जेवर में जिला कृषि अधिकारी की टीम



तथा तहसील दादरी में अपर जिला कृषि अधिकारी की टीम द्वारा कुल 28 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर उर्वरक की उपलब्धता, मूल्य, वितरण एवं टैगिंग की स्थिति की जांच की गई।
इस दौरान सभी विक्रेताओं को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरकों की बिक्री करने और जबरन अन्य उत्पादों की टैगिंग न करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। जनपद में किसानों की मांग के दृष्टिगत सभी समितियों पर यूरिया सहित अन्य आवश्यक उर्वरकों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।
उन्होंने यह भी बताया कि निरीक्षण के दौरान संदेह के आधार पर 07 उर्वरकों के नमूने संग्रहित कर उनकी गुणवत्ता की जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं, जबकि 04 दुकानदारों को अनियमितता बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।
उर्वरक प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा कृषकों से संवाद कर उर्वरक वितरण संबंधी जानकारी प्राप्त की गयी एवं कृषकों को बताया कि बताया कि आगे भी शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद में उर्वरक विक्रेताओं एवं संस्थाओं के निरीक्षण की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाएगी, ताकि जनपद कृषकों को समय से गुणवत्ता युक्त उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।

## नोएडा नेटवर्किंग मीट में पहुंचे एमएसएमई मंत्री राकेश सचान

**नोएडा।** भारत सरकार के 'वोकल फॉर लोकल' को 'लोकल टू ग्लोबल' में बदलने की दिशा में आज नोएडा में एनएईसी (नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर) एवं गैयाबे के संयुक्त देखरेख में नेटवर्किंग मीट का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य अमेरिका में चीन पर लगाए गए टैरिफ के चलते उत्पन्न नए परिधान निर्यात अवसरों का लाभ भारतीय निर्यातकों तक पहुंचाना है। प्रदेश सरकार के वस्त्र, एमएसएमई और उद्यमिता राज्य मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यह एक निर्णायक क्षण है जब भारत, खासकर उत्तर प्रदेश, वैश्विक परिधान बाजार में अपनी पकड़ को और मजबूत कर सकता है। एनएईसी और गैयाबे की यह साझेदारी अमेरिका जैसे बड़े बाजार तक पहुंच का सेतु बनेगी। राज्य सरकार हर उस पहल को समर्थन देगी, जो हमारे युवाओं और उद्यमियों को वैश्विक मंच दे। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि नोएडा पहले ही एक वैश्विक विनिर्माण हब के रूप में उभर चुका है। अब परिधान क्षेत्र के लिए यह साझेदारी रोजगार, निवेश और निर्यात के नए द्वार खोलेगी।

# डीएम की अध्यक्षता में भूजल सप्ताह की तैयारियों को लेकर हुई अहम बैठक संपन्न

## जनपद में 16 से 22 जुलाई 2025 तक मनाया जाएगा भूजल सप्ताह

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद में 16 से 22 जुलाई 2025 तक जल सुरक्षित, तो कल सुरक्षित थीम पर आयोजित भूजल सप्ताह को सफल और प्रभावी बनाने हेतु जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को जल संरक्षण को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद के सभी शासकीय कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की सघन जांच कराई जाए और उसकी स्थिति का सत्यापन कर प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाए। उन्होंने जनपद की हाईराइज सोसाइटियों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली के क्रियान्वयन की स्थिति की जांच कर, जिन सोसाइटियों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संचालित नहीं है उन्हें तत्काल



संचालित कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
डीएम ने जल दोहन करने वाली संस्थाओं पर भी विशेष निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थलों, आरओ प्लांट, कार वॉशिंग सेंटर्स आदि स्थानों पर यह जांच अवश्य कराई जाए कि कहीं जल वेस्ट तो नहीं हो रहा। यदि जल बर्बादी की पुष्टि होती है, तो संबंधित संस्थानों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई तत्काल अमल में लाई जाए। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में प्रतिदिन भूजल संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाए।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी-अपनी कार्य योजनाएं साझा करें और भूजल सप्ताह से संबंधित समस्त गतिविधियों का विवरण संबंधित पोर्टल पर समयबद्ध रूप से अपलोड करें। इसके साथ ही, उन्होंने जनसामान्य को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए ?। साथ ही इस दौरान जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलायी।
जिलाधिकारी ने कहा कि जल है तो कल है को केवल नारा नहीं, बल्कि जीवन का संकल्प बनाकर सभी को अपने अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जल संरक्षण के सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रत्येक स्तर पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, भूगर्भ जल अधिकारी अंकिता राय, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी अंबा प्रकाश शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में तेज हवाओं से 200 नावें डूबीं : 5 लाख लोग बाढ़ से घिरे

**चित्रकूट में मंदाकिनी उफनाई; 6 शहरों में बारिश का रेड अलर्ट**

उत्तर प्रदेश। यूपी में लगातार बारिश और बाढ़ से हालत बिगड़ने लगे हैं। प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं। नदियों के आसपास के 15 से ज्यादा मोहल्लों की 5 लाख की आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा।

इधर, चित्रकूट में लगातार बारिश से तुलसी वाटरफॉल में सैलाब आ गया है। काफी तेज गति में पानी पहाड़ से गिर रहा है। यहां मंदाकिनी नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। शिवरामपुर पुलिस चौकी इलाके में बाढ़ में दो मासूम बच्चे बह गए। बच्चों की तलाश के लिए रेस्क्यू शुरू किया है।

वाराणसी में सभी 84 घाट नदी में जलमग्न हो चुके हैं। घाट किनारे के 1 हजार मंदिर भी डूब चुके हैं। गंगा खतरे के निशान से सिर्फ 1.56 मीटर दूर है। भारी बारिश के चलते मिर्जापुर, जौनपुर और सोनभद्र में स्कूल बंद कर



दिए हैं। प्रयागराज में 50 किमी स्पीड से हवाएं चलीं। इससे गंगा और यमुना में करीब 200 नावें डूब गईं। नाविकों को नदी में जाने से रोक दिया गया है। गाजियाबाद, काशी, प्रयागराज, लखनऊ समेत 10 शहरों में आज सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है।

मौसम विभाग ने प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट, झांसी, ललितपुर, महोबा में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। कानपुर , मथुरा, आगरा समेम 10 अन्य जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी है। वहीं, प्रदेश के 47 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।

### यूपी में कल 56 जिलों में 14.5 मिमी बारिश

कल यानी गुरुवार की बात की जाए तो प्रदेश के 56 जिलों में 14.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। यह सामान्य 9.5 मिमी से 53 प्रतिशत ज्यादा है। सबसे ज्यादा 78 मिमी बारिश वाराणसी में हुई।

वहीं, 1 जून से 16 जुलाई तक यूपी में कुल 252.5 मिमी बारिश हुई, जो नॉर्मल 238.9 मिमी से 6 प्रतिशत अधिक है। यानी, प्रदेश में मानसूनी बारिश अच्छी हो रही है।

# माध्यमिक शिक्षकों का धरना खत्म

**31 जुलाई तक ऑफ लाइन ट्रांसफर लिस्ट जारी होगी, लिखित आश्वासन मिला**

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा ऑफलाइन ट्रांसफर लिस्ट यानी तबादला सूची जारी न करने से नाराज एडेड माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों का धरना गुरुवार को खत्म हो गया। एक दिन पहले बुधवार को उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा ने को पदाधिकारियों से ऑनलाइन बैठक कर में धरना प्रदर्शन की घोषणा की थी।

प्रदेश भर के शिक्षक गुरुवार को निदेशालय पहुंचकर धरना दे रहे। देर रात अधिकारियों द्वारा 31 जुलाई तक ऑफ लाइन ट्रांसफर लिस्ट जारी करने का लिखित आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। प्रदर्शन कर रहे हैं शिक्षकों का कहना था कि पहले विभाग ने ऑफलाइन ट्रांसफर के लिए सभी फॉर्मेलिटीज पूरी कराई। शासनादेश जारी तक कर कहा कि 30 जून तक इसकी लिस्ट जारी हो जाएगी। अब विभाग के अफसर कहते



हैं कि सिर्फ विशेष परिस्थितियों में ही ऑफलाइन ट्रांसफर होंगे। ये विशेष परिस्थितियां कौन से ही है। और आखिर क्यों फिजूल में सब फाइलें चलवाई गई। कई शिक्षकों ने नई जगह पर बच्चों के एडमिशन करा लिए। परिवार में भी सभी को ट्रांसफर लोकेशन पर शिफ्ट कर दिया पर अब तक ट्रांसफर ना होने से वह अधर में है। अभी तो शिक्षकों की आह से सिर्फ माध्यमिक शिक्षा मंत्री का एक्सीडेंट हुआ है। यदि ऐसे ही शिक्षकों की अनदेखी जारी रही तो और गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

### ऑनलाइन लिस्ट की जा चुकी है जारी

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा का कहना है कि 7 जून को जारी आदेश के तहत करीब 1500 से अधिक शिक्षकों के ऑफलाइन तबादले की पत्रावली निदेशालय पहुंच चुकी हैं। भारी संख्या में पत्रावली DIOS और जेडी कार्यालय में लंबित हैं। शासन ने ऑनलाइन तबादला सूची 27 जून को जारी की थी। वहीं, ऑफलाइन तबादला सूची जारी करने को लेकर संगठन कई बार अपर निदेशक और निदेशक से मिल कर ज्ञापन दे चुका है, लेकिन अधिकारी तबादला सूची नहीं जारी कर रहे हैं। आक्रोशित शिक्षक आज यानी गुरुवार को निदेशालय का घेराव कर धरना दे रहे।

### लिस्ट जारी होने तक धरना जारी रहेगा

सोहनलाल वर्मा ने कहा कि हमारा संगठन युवाओं का है। युवा शिक्षक अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्वक धरना दे रहे हैं। हमने पहले ही कहा कि यदि शिक्षकों का ऑफलाइन ट्रांसफर नहीं करना था तो शासनादेश क्यों जारी किया। पहले ये धरना 14 जुलाई को होना था पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री के एक्सीडेंट के कारण हमने मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए धरना टाला पर आज धरना कर रहे हैं।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने में वांछित गिरफ्तार



**ललितपुर।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपित जितेन्द्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा कोतवाली ललितपुर पर पंजीकृत मु0अ0स0-739/25 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व 3/4पाक्सो एक्ट में वाँछित अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र राजू कुशवाहा उम्र करीव 19 वर्ष निवासी मु0 खिरकापुरा थाना कोतवाली जिला ललितपुर को मुखविर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त जितेन्द्र उपरोक्त को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम अनुराग अवस्थी प्रभारी निरीक्षक उ.नि.राहुल कुमार उ.नि. जोगेन्द्र सिंह का. गनेश आदि शामिल रहे।

## शार्ट न्यूज

### मुख्य आरक्षी बने उप निरीक्षक, एसपी ने लगाए स्टार



**ललितपुर।** जिले में यातायात में तैनात हेड कांस्टेबल को सब इंस्पेक्टर पद पर प्रोन्नति दी गई है। गुरुवार को एसपी मो0 मुश्ताक ने हेड कांस्टेबल रहीमुद्दीन के कंधे पर स्टार लगाकर बधाई दी। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मी के पदोन्नत होने के साथ ही पुलिस विभाग में उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ चुकी हैं। आप सभी कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से विभाग से मिली सभी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से पूरा करें। एसपी ने निर्देश दिए कि अपनी नई जिम्मेदारियों को भलिभांति समझें।

### दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**ललितपुर।** पुलिस ने दो शातिर चोरों को धर दबोचा, गिरफ्तारी के साथ ही उनके कब्जे से चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 274/25 धारा 331(4),305 बीएनएस में वाँछित दो अभियुक्तगण रामकुमार पुत्र प्रागीलाल उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम सतरवास थाना कोतवाली धनीराम पुत्र भागीरथ कुशवाहा उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम बिरारी थाना कोतवाली ललितपुर को चोरी के शत-प्रतिशत माल सहित, बँधा पुछा तिराहा ललितपुर से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण रामकुमार उपरोक्त आदि दो को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### साल्वर गैंग के आरोपी को जमानत नहीं

प्रयागराज। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) में अपने स्थान पर प्रॉक्सी (सॉल्वर) का इस्तेमाल करने के आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जब किसी परीक्षा में किसी के स्थान पर सॉल्वर परीक्षा देता है, तो इससे शिक्षा प्रणाली कमजोर होती है। समाज पर इसके गंभीर प्रभाव पड़ते हैं। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि धोखाधड़ी के ऐसे कृत्य न केवल वास्तविक योग्यता का अवमूल्यन करते हैं, बल्कि बेईमानी की संस्कृति को भी बढ़ावा देते हैं। हाईकोर्ट ने टिप्पणी की, परीक्षा में नकल करने से उन मेधावी छात्रों के करियर पर गहरा असर पड़ता है जो कड़ी मेहनत और ईमानदारी पर भरोसा करते हैं। इससे असमान माहौल बनता है, जहां योग्यता हेरफेर के आगे दब जाती है। नकल करने से ईमानदार छात्रों की प्रेरणा और व्यवस्था पर भरोसा खत्म हो सकता है, और उन्हें लग सकता है कि उनके समर्पण को कम आंका गया है।

### नगर निगम इंस्पेक्टर सहित 20 के खिलाफ मुकदमा

**आगरा।** आगरा के सराय ख्वाजा, खेरिया मोड़ (शाहगंज) पर भाजपा विधायक भगवान सिंह कुशवाह के रिश्ते के चाचा की दुकान पर कार्रवाई के दौरान हुआ बवाल नगर निगम टीम के गले की फांस बन गया है। पुलिस ने दुकान स्वामी जगदीश कुशवाह की तहरीर पर नगर निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर प्रदीप गौतम सहित 20 के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। नगर निगम की टीम के पास अपनी बेगुनाही का अभी तक कोई साक्ष्य नहीं है। जो भी वीडियो वायरल हो रहे हैं उसमें निगम की टीम मारपीट कर रही है। नगर निगम की टीम पॉलीथिन के खिलाफ अभियान के तहत सराय ख्वाजा गई थी। वहां नत्थी मिष्ठान भंडार की दुकान पर प्लास्टिक का गिलास का प्रयोग हो रहा था। टीम ने चालान काट दिया। आरोप है कि कार्रवाई से खफा दुकानदार ने नगर निगम की टीम के एक सदस्य को थप्पड़ मार दिया। इसी बात पर नगर निगम की टीम गुस्से में आ गई। मारपीट हो गई। सेनेटेरी इंस्पेक्टर ने फिल्मी अंदाज में बिना कोई नोटिस दिए बुलडोजर से दुकान का काउंटर और शटर तोड़ दिया। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

### प्रेमी जोड़े को ग्रामीणों ने चोर समझकर पकड़ा

**रामपुर।** रामपुर के अजीमनगर थाना क्षेत्र में एक अनोखी प्रेम कहानी उस वक्त शादी में बदल गई। जब ग्रामीणों ने प्रेमी युगल को रात में चोर समझकर पकड़ लिया। हंगामे के बाद परिजनों और ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में पंचायत बैठी। दोनों परिवार की सहमति बनने पर मंदिर में विवाह करा दिया गया। घटना अजीमनगर क्षेत्र के करनपुर गांव की है। बुधवार देर रात करीब 12 बजे गांव के लोगों ने एक युवक और युवती को रास्ते में संदिग्ध अवस्था में देखा। ग्रामीणों ने उन्हें चोर समझकर पकड़ लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया ।मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पूछताछ में जब दोनों की पहचान सामने आई तो प्रेम कहानी का राज खुला। मामले की जानकारी पर जैसे ही युवती के परिजन पहुंचे। मामला और गरमा गया। पटवाई थाना क्षेत्र के जोलपुर की मंडिया गांव के युवक के परिजनों को भी मौके पर बुलाया गया। इसके बाद दोनों पक्षों और ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में पंचायत हुई। पंचायत में तय हुआ कि दोनों बालिग हैं। एक-दूसरे से प्रेम करते हैं। इसलिए समाज और परिवार की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए उनकी शादी करा दी जाए।

### पीलीभीत में कोल्ड ड्रिंक पीने से मासूम की मौत

**पीलीभीत।** पीलीभीत में जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम निसरा में एक ही परिवार के चार बच्चों की कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद तबीयत अचानक बिगड़ गई। इलाज के दौरान एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य बच्चों की हालत गंभीर बनी रही। गुरुवार को निसरा गांव में चार बच्चों ने एक साथ बाजार से कोल्ड ड्रिंक खरीदी और उसका सेवन किया। कुछ ही देर में बच्चों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत होने लगी। बच्चों की हालत बिगड़ते देख परिजन घबरा गए और उन्हें तुरंत पास के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। इलाज के दौरान जोया नाम की मासूम बच्ची को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य तीन बच्चे- हसन (9 वर्ष), पुत्र जुम्मा, हसन (8 वर्ष), पुत्र गुड्डू, अलशिफा (5 वर्ष), पुत्री इकरार की हालत गंभीर बताई गई। इलाज के बाद तीनों बच्चों की तबीयत में सुधार हुआ है और उन्हें घर भेज दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कोल्ड ड्रिंक के बचे हुए सैंपल को जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

### शादी का झांसा देकर रेप करने वाला गिरफ्तार

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में युवती को प्रेमजाल में फंसा कर शारीरिक शोषण किया। पीड़िता ने कोर्ट मैरिज का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। साथ ही आरोपी ने परिजनों के साथ मिलकर पीड़िता को धमकाया, जिसके बाद पीड़िता ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चकेरी निवासी युवती ने बताया कि करीब 3 साल पहले शिवकटरा केसा निवासी मोहित पासवान ने उन्हें अपने प्रेमजाल में फंसाया। फिर आरोपी ने शादी करने का झांसा देकर उनका शारीरिक शोषण किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे अपने परिजनों से मुलाकात कराई, जिसके बाद आरोपी के परिजनों ने 3 माह पहले कोर्ट मैरिज कराने का आश्वासन भी दिया था। आरोप है कि कोर्ट मैरिज की तारीख नजदीक आते ही आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। दबाव बनाने पर आरोपी उसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देने की धमकी देता था। इसके बाद उन्होंने आरोपी के घर जाकर उससे बात करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी की भाभी ने बात करने से मना कर दिया। इसके बाद पीड़िता कृष्णा नगर में आरोपी के जीजा और दीदी से बात करने गयी तो आरोपी ने उनसे अभद्रता कर भगा दिया। जिसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की।

## जनपद में मनाया गया सीएससी दिवस




**ललितपुर।** 16 जुलाई बुधवार को जनपद में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित सी0एस0सी0 ई0 गवर्नेंस का 16वां सी0एस0सी0 दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अपर संख्याधिकारी अधिकारी अजय वीर सिंह द्वारा केक काटकर सी0एस0सी0 दिवस का शुभारंभ किया गया और सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला प्रबंधक सी. एस. सी मोहम्मद अंसार द्वारा आमजन को शासकीय व अर्द्धशाकीय सेवाओं - फैमिली आईडी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पैनकार्ड, बैंकिंग कार्य, आधार करेक्शन, फार्मर रजिस्ट्री, जीवन प्रमाण पत्र, डिजि पेपैसे की जमा निकासी, बिजली बिल, ग्रामीण ई-स्टोर, टेली मेडिसिन सर्विस, टेलीला, रेलवे रिजर्वेशन आदि की जानकारी दी गयी। बताया गया कि आज सी0एस0सी0 का 16वां स्थापना दिवस का आयोजन दिल्ली मुख्यालय आफिस के साथ-साथ सम्पूर्ण भारत में भी किया जा रहा है। जिसकी वेबकास्टिंग भी हो रही है। जिसमें समस्त केन्द्र संचालक बढचढ कर हिस्सा ले रहे हैं। सी0एस0सी0 दिवस के अवसर पर वी0एल0ई0 आसिफुद्दीन, सहित और लोग मौजूदरहें। जिला प्रबंधक अतुल कुमार ने बताया कि ऐसे प्रयोजनो का तात्पर्य लोगों में डिजिटल सेवाओं के प्रति उत्साहवर्धन करना है।

## ड्यूटी जाते वक्त सिंचाईकर्मी की मौत

**प्रयागराज।** गुरुवार सुबह बारिश और तेज हवा के बीच दर्दनाक हादसे में सिंचाई विभाग के एक कर्मचारी की जान चली गई। गोविंदपुर स्थित कार्यालय में तैनात 53 वर्षीय अजय कुमार स्कूटी से ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी कर्नलगंज के सदियाबाद चौराहे के पास अचानक एक पेड़ की सूखी डाल उनके ऊपर गिर पड़ी। गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मूल रूप से सुल्तानपुर जिले के थनपतगंज ब्लॉक के कोरो गांव निवासी अजय कुमार, सिंचाई विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। वह गोविंदपुर में विभागीय आवास में परिवार सहित रहते थे। एक माह पहले पत्नी और बेटा सुल्तानपुर लौट गए थे। एक बेटी की शादी हो चुकी थी, जबकि दूसरी बेटी सौम्या यहां रहकर एमएससी की पढ़ाई कर रही है।

# एसपी ने किया बार थाने का निरीक्षण

**ललितपुर।** बार एसपी ने गुरुवार को बार थाने का औचक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना बार का आकस्मिक निरीक्षण किया ।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

एसपी द्वारा थाना बार क्षेत्रान्तर्गत पीआरबी डायल 112 की सतर्कता को चैक कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश । थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये । मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण



करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व एचएस की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें तथा उपरोक्त प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया गया।

महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन थाना क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें।

# कानपुर में छात्रा को बैड टच करने वाले का एनकाउंटर

**घेराबंदी देख पुलिस पर की फायरिंग, पैर में लगी गोली, तमंचा-बाइक बरामद**

**कानपुर।** सनिगवां में दिनदहाड़े इंटर की छात्रा पर अश्लील कमेंट करने और बैड टच करने वाले आरोपी की देर रात पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने आरोपी को इलाज के लिए कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया।

### सहेली के घर जा रही छात्रा से की थी छेड़खानी

सनिगवां निवासी 17 वर्षीय इंटर की छात्रा बुधवार शाम विश्वकर्मा मंदिर के पास सहेली के घर किताब लेने जा



रही थी। तभी बाइक सवार नकाबपोश शोहदे ने छात्रा पर सरेराह अश्लील कमेंट किया और उसे बैड टच करते हुए भाग गया था। पूरी करतूत घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगी हुई थीं।

### अलखनंदा इन्क्लेव के पास हुई मुठभेड़

चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान की गई थी। रात करीब 10 बजे पुलिस ने अलखनंदा इन्क्लेव के पास घेरेबंदी कर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया।

तभी बाइक सवार आरोपी खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने लगा। इस पर पुलिस की फायरिंग में आरोपी के दाएं पैर में गोली लगी और वह बाइक लेकर गिर गया।

### बर्रा विश्वबैंक का रहने वाला है आरोपी

जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और इलाज के लिए उसे कांशीराम अस्पताल भर्ती कराया। चकेरी इंस्पेक्टर ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बर्रा विश्व बैंक निवासी आदित्य गुप्ता बताया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बाइक समेत एक तमंचा बरामद किया है।

# लखनऊ में पांच साल में नौकर ने चुराए 40 लाख

लखनऊ। लखनऊ के हजरतगंज शालीमार ग्रैंड अपार्टमेंट, जॉपलिंग रोड में रहने वाले एक रियल एस्टेट कारोबारी को पांच साल बाद पता चला कि जिस नौकर पर उन्होंने भरोसा किया, वही उन्हें चूना लगा रहा था। कारोबारी के यहां खाना बनाने वाला नौकर नीरज चौरसिया अब तक घर से करीब 40 लाख रुपए की चोरी कर चुका था। जब शक हुआ और तलाशी ली गई, तो उसके पास से 50 हजार रुपए कैश मिला। पुलिस ने आरोपी नौकर को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस पूछताछ में नीरज ने बताया कि पिछले पांच साल में धीरे-धीरे 40 लाख रुपए चुराए हैं। इस रकम से उसने जमीन और प्रॉपर्टी भी खरीद ली है।

हजरतगंज पुलिस ने कारोबारी संदीप की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर नीरज को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर 7.56 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। दुबग्गा निवासी नीरज चौरसिया कारोबारी संदीप के यहां पिछले पांच सालों से खाना बनाने का काम कर रहा था।

## एक करोड़ का सोना लेकर फरार हुई महिला कर्मचारी

**लखनऊ।** लखनऊ के चौक सर्राफा मार्केट स्थित एक दुकान से करीब 1.5 किलो सोना लेकर एक महिला कर्मचारी फरार हो गई। मुंबई निवासी व्यापारी ने महिला और उसके परिवार वालों पर धोखाधड़ी और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने कमिश्नर के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। मुंबई के खार ईस्ट, जवाहर नगर निवासी सर्राफा व्यापारी शिवाजी कुंडलीक मोहिते ने बताया कि उनके साले की लखनऊ के चौक स्थित सर्राफा मार्केट में दुकान है और वह खुद भी सोने-चांदी का व्यापार करते हैं। उनकी दुकान पर मोहन गार्डेन उत्तमनगर दिल्ली निवासी सुमन त्रियान नाम की महिला पिछले एक साल से काम कर रही थी। शिवाजी ने बताया 15 जनवरी 2024 को वह महिला उनके साथ लखनऊ आई थी। दुकान पर कुछ देर रुकने के बाद महिला ने जरूरी काम का हवाला देते हुए जाने की बात कही, जिसे व्यापारी ने अनुमति दे दी। लेकिन जाते समय वह एक बैग साथ ले गई जिसमें 1494 ग्राम सोना रखा था। जिसकी कीमत एक करोड़ से ज्यादा की थी। जब व्यापारी को बैग ले जाने की जानकारी हुई, तो उन्होंने महिला को फोन किया।

# 7 अगस्त को होगी राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक

**परमिटों पर लिए जाएंगे कई अहम फैसले**

लखनऊ। राज्य परिवहन प्राधिकरण , उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 7 अगस्त को आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 2 बजे राजधानी लखनऊ स्थित परिवहन आयुक्त कार्यालय के सभागार में होगी। बैठक में प्रदेश भर के निजी बस संचालकों और यात्री परिवहन सेवाओं से जुड़े मामलों पर फैसला लिया




जाएगा। प्राधिकरण के सचिव सगीर अहमद अंसारी ने जानकारी दी कि बैठक के एजेंडे में पुराने परमिटों के नवीनीकरण, परमिट स्वामित्व के हस्तांतरण, नए परमिट के लिए आए आवेदनों, तथा निलंबित या निरस्त किए जाने योग्य परमिटों पर चर्चा की जाएगी।

इनमें ऐसे वाहन संचालकों के मामले भी शामिल हैं, जिनके परमिट की वैधता खत्म हो चुकी है या जिन्होंने निर्धारित रूट पर लंबे समय तक वाहन नहीं चलाए।

### मथुरा-भरतपुर और गोवर्धन-भरतपुर रूटों पर निष्क्रिय परमिट होंगे रद्द

बैठक में मथुरा-भरतपुर और गोवर्धन-भरतपुर मार्गों पर वर्षों से असंचालित चल रहे परमिटों को निरस्त करने की प्रक्रिया पर भी विचार किया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि इन निष्क्रिय परमिटों के कारण यात्रियों को समय पर सुविधा नहीं मिल रही है और नए इच्छुक आवेदकों को मौके नहीं मिल पा रहे।

इस बार की बैठक में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के बीच हुए पारस्परिक समझौते के तहत दो अंतरराज्यीय मार्गों पर नए स्थायी सवारी गाड़ी परमिटों के आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान पर फिर लग सकते हैं प्रतिबंध

**तेहरान, एजेंसी।** दो यूरोपीय राजनयिकों ने मंगलवार को बताया कि अगर परमाणु समझौते पर कोई ठोस प्रगति नहीं होती है तो ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे देश अगस्त में ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के कड़े प्रतिबंध बहाल करने पर सहमत हैं। इस मुद्दे पर तीनों देशों के राजदूतों की जर्मनी में संयुक्त राष्ट्र मिशन में चर्चा हुई। तीनों देशों के विदेश मंत्रियों ने अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ फोन पर बातचीत में भी इस विषय पर चर्चा की। इन देशों की कोशिश है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित न कर सके।

### पूर्व नाइजीरियाई राष्ट्रपति बुहारी को हजारों लोगों ने दी अंतिम विदाई

**अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मदु बुहारी का अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके उत्तर स्थित गांव में किया गया। हजारों लोग उन्हें आखिरी बार देखने और विदाई देने के लिए सड़कों पर जमा हो गए। बुहारी का निधन रविवार को लंदन में हो गया। वे 82 साल के थे और कुछ समय से बीमार चल रहे थे। 2023 में सत्ता छोड़ने के बाद से वे सार्वजनिक रूप से ज्यादा दिखाई नहीं देते थे। उनके अंतिम संस्कार में नाइजीरिया के वर्तमान राष्ट्रपति बोला टीनुबू और कई अन्य नेता भी शामिल हुए। सेनेगल की राष्ट्रपति बसिरू फेय ने बुहारी को नाइजीरिया और अफ्रीका के राजनीति जगत का एक बड़ा नेता बताया।

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो पर तख्तापलट की साजिश का आरोप

**ब्रासीलिया हवे, एजेंसी।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव हारने के बाद तख्तापलट की साजिश रचने का आरोप लगा है। ब्राजील के मुख्य अभियोजनक-जनरल पाउलो गोनेट ने इस मामले में कोर्ट से बोल्सोनारो को दोषी करार दिए जाने की मांग की है। उन्होंने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) देर रात जारी 517 पन्नों की रिपोर्ट में कहा, सबूत स्पष्ट हैं, अभियुक्त ने अपने कार्यकाल के दौरान और चुनावों में हार के बाद भी, विद्रोह भड़काने और लोकतांत्रिक कानून व्यवस्था को अस्थिर करने के लिए व्यवस्थित रूप से काम किया। वहीं, बोल्सोनारो ने सभी आरोपों को झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी लोकतंत्र या संविधान का उल्लंघन नहीं किया। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि यह मुकदमा एक चुड़ैल का शिकार था, जो पिछले हफ्ते अपने दक्षिण अमेरिकी सहयोगी के बचाव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द की याद दिलाता है।

### सीनेट ने ट्रंप के 9 अरब डॉलर के खर्च कटौती अनुरोध को आगे बढ़ाया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** सीनेट के रिपब्लिकन सदस्यों ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व में स्वीकृत लगभग 9 अरब डॉलर के खर्च को कम करने के अनुरोध को आगे बढ़ाया। सीनेट में मतदान 50-50 के अंतर से हुआ, जिसमें उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने वोट देकर बराबरी का अंतर तोड़ा। सीनेट में अंतिम मतदान बुधवार को हो सकता है। इसके बाद विधेयक पर सदन में एक और मतदान होगा, जिसके बाद शुक्रवार की समय सीमा से पहले इसे ट्रंप के हस्ताक्षर के लिए उनके पास भेजा जाएगा। रिपब्लकिन सदस्य प्रस्तावित 40 करोड़ डॉलर की कटौती के लिए क्क्षक्क्रश्वक्र नामक कार्यक्रम को बंद करने पर विचार कर सकते हैं। एचआईवी/एड्स जैसी बीमारी से निपटने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्लू बुश ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

### पुतिन को फोन कर मनाएं, वरना लगेंगे कड़े प्रतिबंध, नाटो ने भारत-चीन और ब्राजील को चेताया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ब्रिक्स में शामिल देशों को नाटो की तरफ से चेतावनी जारी की गई है। यह चेतावनी रूस के साथ व्यापारिक संबंध बनाए रखने की स्थिति में जारी की गई है। नाटो के महासचिव मार्क रुटे ने अमेरिका की संसद में वहां के सांसदों से मुलाकात के दौरान ये बातें कही हैं। उन्होंने भारत, ब्राजील और चीन से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति वार्ता पर गंभीरता से सोचने के लिए मनाने की अपील भी की है। उन्होंने कहा, मेरा भारत, चीन और ब्राजील के नेताओं से आग्रह है कि वे इस मुद्दे को गंभीरता से लें क्योंकि यह संकट आपके देश पर बहुत भारी पड़ सकता है। रुटे ने चेताया कि अगर रूस यूक्रेन के साथ शांति वार्ता के लिए तैयार नहीं हुआ तो इन देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, कृपया पुतिन को फोन करें और कहें कि अब वक्त आ गया है कि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। वरना इसका भारी नुकसान ब्राजील, भारत और चीन को उठाना पड़ेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को नई सैन्य सहायता देने की घोषणा की थी। इस दौरान ट्रंप ने रूस से व्यापार करने वाले देशों पर 100प्रतिशत सेकेंडरी टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने यह धमकी 50 दिनों के भीतर शांति समझौता नहीं होने की स्थिति में दी है। आपको बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत, चीन और ब्राजील ने एक तटस्थ नीति अपना रखी है। इन देशों ने यूक्रेन युद्ध में स्पष्ट पक्ष नहीं लिया है और निष्पक्ष रुख अपनाया है। इसके अलावा, इन तीनों देशों के रूस के साथ ऊर्जा और व्यापारिक संबंध जारी हैं। नाटो के इस बयान को रूस पर दबाव बनाने के लिए एक हथियार के तौर पर देखा जा सकता है। ट्रंप ने पिछले हफ्ते रूस पर यूक्रेन में लड़ाई समाप्त करने के लिए समझौता करने में विफल रहने की सूरत में बड़े प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि मॉस्को को समझौता करने के लिए 50 दिन का समय दिया जाएगा, जिसके उपरांत उसे बहुत गंभीर आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।

# ट्रंप प्रशासन के निशाने पर न्याय विभाग

## 10 राज्यों के 17 आव्रजन न्यायालयों के जजों को किया बर्खास्त

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप प्रशासन के निशाने पर अब न्याय विभाग है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में 10 राज्यों के 17 आव्रजन न्यायालयों के न्यायाधीशों को बर्खास्त कर दिया है। ये कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब ट्रंप प्रशासन ने देश से प्रवासियों को बड़े पैमाने पर निर्वासित करने की प्रक्रिया को तेज किया है। न्यायाधीशों की बर्खास्तगी के बारे में जजों का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ ने जानकारी दी है।

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ प्रोफेशनल एंड टेक्निकल इंजीनियर्स, जो जजों और दूसरे पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करता है, ने कहा है कि ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को 15 और सोमवार को दो न्यायाधीशों को बिना किसी कारण बर्खास्त कर दिया। संघ ने कहा कि ये जज अमेरिका के 10 राज्यों- कैलिफोर्निया, इलिनॉय, लुइसियाना, मैरीलैंड, मैसाचुसेट्स, न्यूयॉर्क, ओहायो, टेक्सास, यूटा और वर्जीनिया की अदालतों में कार्यरत थे।



### आव्रजन न्यायालयों में 35 लाख केस लंबित

आव्रजन न्यायालयों में करीब 35 लाख केस लंबित हैं। किसी केस का फैसला आने में कई साल लग सकते हैं, क्योंकि न्यायाधीश और वकील अक्सर किसी मामले के गुण-दोष के आधार पर अंतिम सुनवाई एक साल से भी ज्यादा समय के लिए निर्धारित करते हैं। आपराधिक न्यायालयों के विपरीत, आव्रजन अदालतों में प्रवासियों को सरकार की तरफ से वकील नहीं दिया जाता है। अगर वे वकील नहीं रख सकते, तो खुद ही अपना केस लड़ते हैं, और उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए अक्सर दुभाषिए की जरूरत होती है।

### संघ अध्यक्ष ने न्यायाधीशों की बर्खास्तगी को बेतुका बताया

संघ अध्यक्ष मैट बिग्स ने कहा, यह अपमानजनक और जनहित के खिलाफ है कि जब कांग्रेस ने 800 नए आव्रजन न्यायाधीशों को नियुक्त करने की अनुमति दी है, तब ट्रंप प्रशासन मौजूदा न्यायाधीशों को बिना कारण हटा रहा है। यह बेतुका है। इसका समाधान बर्खास्तगी बंद करके नियुक्ति शुरू करना है।

### न्याय विभाग ने बर्खास्तगी पर टिप्पणी करने से इनकार किया

न्यायाधीशों की बर्खास्तगी ऐसे समय में हुई है, जब ट्रंप प्रशासन आव्रजन कानूनों को सख्ती से लागू कर रहा है। आव्रजन न्यायालयों में पेश होने वाले प्रवासियों को अब कोर्ट के बाहर गिरफ्तार किया जा रहा है, जिससे डर का माहौल बन गया है। न्याय विभाग के अंतर्गत आने वाले आव्रजन समीक्षा कार्यकारी कार्यालय की एक प्रवक्ता, जो अदालतों की देखरेख करती है, ने एक ईमेल में कहा कि कार्यालय इन बर्खास्तगी पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा।

### वर्तमान में 600 आव्रजन न्यायाधीश कार्यरत

यूनियन का मानना है कि इन बर्खास्तगियों से अदालतों में काम की रफ्तार तेज नहीं होगी, बल्कि और भी केस लंबित हो जाएंगे। यूनियन ने कहा कि नए आव्रजन अदालती जजों की भर्ती, नियुक्ति और प्रशिक्षण में एक साल तक का समय लग सकता है। यूनियन के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में लगभग 600 आव्रजन न्यायाधीश कार्यरत हैं, और आव्रजन अदालतें न्याय विभाग के अधीन आती हैं।

### आव्रजन व्यवस्था को सुधारने के लिए पारित हुआ नया कानून

हाल ही में अमेरिका में एक नया कानून पारित हुआ है, जिसमें आव्रजन व्यवस्था को सुधारने के लिए 170 अरब डॉलर खर्च किए जाएंगे। इसमें से 3.3 अरब डॉलर आव्रजन न्यायालयों को दिए जाएंगे, ताकि 800 जजों की नियुक्ति और स्टाफ की भर्ती हो सके। लेकिन यूनियन का कहना है कि ट्रंप प्रशासन के आने के बाद से अब तक 103 से ज्यादा न्यायाधीशों को या तो बर्खास्त कर दिया गया है या उन्होंने स्वेच्छा से इस्तीफा दे दिया है।

## भिखारियों के विवाद में क्यूबा की मंत्री की छिन गई कुर्सी, भारी विरोध के बाद देना पड़ा इस्तीफा

**हवाना, एजेंसी।** क्यूबा में श्रम मंत्री ने भिखारियों को लेकर ऐसा बयान दे दिया कि पूरे देश में इसे लेकर हंगामा हो गया और आखिरकार मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। क्यूबा के राष्ट्रपति ने भी बयान की आलोचना की। विरोध इतना ज्यादा था कि राष्ट्रपति को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर श्रम मंत्री के इस्तीफे की जानकारी देनी पड़ी। दरअसल श्रम मंत्री मार्ता एलेना फीतो केबरेरा ने अपने बयान में कहा कि देश में कोई भिखारी नहीं है और लोग सिर्फ भिखारी होने का दिखावा करते हैं।

मार्ता एलेना फीतो केबरेरा ने सोमवार को नेशनल असेंबली समिति के सामने कहा कि हमने लोगों को देखा है, जो भिखारी होते हैं, लेकिन अगर आप उनके हाथ या उनके कपड़े देखें तो ऐसा लगता है कि वे भिखारी होने का दिखावा कर रहे हैं। वे असल में भिखारी नहीं हैं। क्यूबा में कोई भी भिखारी नहीं है। उन्होंने ये भी दावा किया कि लोग भीख मांगकर शराब पीते हैं। फीतो का यह बयान वायरल हो गया और इसके खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। विरोध प्रदर्शनों में लोगों ने फीतो के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई करने की मांग की गई। भारी विरोध और दबाव के बीच फीतो ने श्रम मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कैनाल ने फीतो के बयान को असंवेदनशील करार दिया। दरअसल क्यूबा में आर्थिक हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। कुछ साल पहले तक क्यूबा में भिखारी दिखाई नहीं देते थे और लोग बेघर भी नहीं होते थे, लेकिन अब हालात ये हो गए हैं कि कई लोग, खासकर बुजुर्ग कूड़ा बीनते या फिर कांच साफ करते दिखाई देते हैं। सामाजिक सुरक्षा बेहद कम हो गई है और रिटायर होने के बाद लोगों को 2000 क्यूबा पेसो प्रति माह की पेंशन मिल पा रही है, जो अमेरिकी डॉलर के मुकाबले करीब 5 डॉलर ही होते हैं। इन पैसों से अंडे की एक कार्टन खरीदना भी मुश्किल है। जिन लोगों को परिजन विदेश में काम नहीं करते उनके लिए दो वक्त का खाना जुटाना भी मुश्किल हो गया है। यही वजह है कि श्रम मंत्री के बयान पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों का आरोप है कि सरकार हालात को देख नहीं पा रही है और उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार आर्थिक हालात को सुधारने के लिए जल्द ही कड़े कदम उठाएगी।

### व्हाइट हाउस में सुरक्षा चूक, लॉकडाउन लगाया गया: किसी ने सेफ्टी फेंस के ऊपर से फोन फेंका

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस में मंगलवार को सुरक्षा चूक की वजह से लॉकडाउन लगाना पड़ा। दरअसल, किसी ने व्हाइट हाउस के सेफ्टी फेंस (सुरक्षा बाड़) के ऊपर से एक फोन फेंक दिया था। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने मीडिया को बताया- किसी ने बाड़ के ऊपर से अपना फोन फेंक दिया था। इसके तुरंत बाद जरूरी सुरक्षा कदम उठाए गए। आनन-फानन में पत्रकारों को जेम्स ब्रैडी ब्रीफिंग रूम में शिफ्ट करके पेनसिल्वेनिया एवेन्यू को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया। हालांकि, भारतीय समयानुसार रात 09:26 बजे तक हालात सामान्य हो गए। व्हाइट हाउस ने अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया। घटना के वक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व्हाइट हाउस में थे और पेनसिल्वेनिया जाने की तैयारी कर रहे थे। हालांकि, इस घटना का उनके प्रोग्राम पर कोई असर नहीं पड़ा, और वे अपने तय समय पर पेनसिल्वेनिया रवाना हो गए। व्हाइट हाउस की सुरक्षा को लेकर हाल के सालों में घुसपैठ, साइबर हमले और गोपनीय जानकारी के लीक जैसे कई मामले सामने आए हैं।मार्च 2025- व्हाइट हाउस के सीनियर अधिकारियों ने गलती से सिग्नल ऐप पर एक पत्रकार को यमन में मिलिट्री हमलों की सीक्रेट प्लानिंग भेज दीं थी।

# नेतन्याहू के गठबंधन से निकली अहम सहयोगी पार्टी, सैन्य भर्ती कानून पर टकराव, खतरे में आ सकती है सरकार

**तेल अवीव , एजेंसी।** तेल अवीव इजराइल में पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार को तगड़ा झटका लगा है। उनकी प्रमुख सहयोगी पार्टी यूनाइटेड टोरा जूडाइज्म (यूटीजे) ने मंगलवार को सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा कर दी। पार्टी ने कहा कि सैन्य सेवा से धार्मिक यहूदियों को छूट देने वाले बिल पर सहमति नहीं बनने के चलते यह कदम उठाया गया है। यूटीजे के अधिकांश समर्थक रूढ़िवादी यहूदी हैं और वे सैन्य सेवा से छूट की मांग करते रहे हैं। लेकिन गाजा युद्ध के चलते इजराइल में सैन्य बल की जरूरत बढ़ने से यह मुद्दा और विवादास्पद हो गया है। दरअसल, इजराइल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचला सदन में सरकार बनाने के लिए 61 सीटों का बहुमत चाहिए। वहीं, 7 सीटों वाले यूटीजे के साथ छोड़ने के चलते नेतान्याहू की अगुआई वाले गठबंधन के पास कुल 61 सीटें बची है। अगर एक भी सांसद साथ छोड़ता है तो सरकार खतरे में आ जाएगी।



### क्या है सेना भर्ती विवाद?

गाजा में जारी युद्ध के बाद से इजराइल सरकार ने सेना को और मजबूत करने के लिए देश के सभी नागरिकों के लिए सैन्य ट्रेनिंग और कुछ सालों के लिए सेना में काम आनिवार्य कर दिया है. इस कानून के अंदर येशिवा छात्रों को भी रखा गया है. येशिवा छात्र वह छात्र हैं, जो दुनिया के कामों से दूर रहकर धर्म की पढ़ाई करते हैं.

### गठबंधन छोड़ने की वजह

डेगेल हाटोरा ने एक बयान में कहा कि अपने प्रमुख रब्बियों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद और पवित्र येशिवा छात्रों, जो लगन से अपने अध्ययन में लगे हुए हैं, की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से अपनी प्रतिबद्धताओं के बार-बार उल्लंघन के बादज् गठबंधन और सरकार से अपने इस्तीफे की घोषणा की है.

अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स पार्टियों ने तर्क दिया है कि येशिवा छात्रों को छूट देने वाला विधेयक 2022 में बने गठबंधन में शामिल होने के उनके समझौते में एक प्रमुख वादा था. गोल्डकनॉफ़ के प्रवक्ता ने साफ किया कि यूनाइटेड तोरा यहूदी धर्म के कुल सात नेसेट सदस्य सरकार छोड़ रहे हैं. बता दें कि फार-राइट स्क्कंह्य लंबे समय से सैन्य भर्ती विधेयक के मुद्दे पर गठबंधन छोड़ने की धमकी दे रहे हैं.

# इमरान खान जेल में बंद और पूर्व पत्नी रेहम खान ने बनाई नई पार्टी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बीते दो सालों से जेल में बंद हैं। इस बीच उनकी पूर्व पत्नी रेहम खान ने एक नए राजनीतिक दल का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को रेहम खान ने कराची के प्रेस क्लब में नए राजनीतिक दल का ऐलान किया और उसका नाम भी बताा। इस दल का नाम होगा- पाकिस्तान रिपब्लिक पार्टी। रेहम खान ने कहा कि यह एक दल नहीं बल्कि आंदोलन है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सही लोग संसद और विधानसभा में पहुंचें। रेहम खान ने कहा कि हम कानून सुधार के लिए लड़ेंगे ताकि लोगों को सीधे फायदा हो। हमारी लड़ाई महिलाओं और किसानों के लिए होगी। हम चाहेंगे कि पाकिस्तान में ऐसी नीतियां बनें जो आम लोगों को फायदां पहुंचाएं।



रेहम खान के विदेश में रहने का मुद्दा भी पत्रकारों ने उठाया। इस पर रेहम खान ने कहा कि पूरा पाकिस्तान ही मेरा घर और निर्वाचन क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि मेरा आंदोलन कोई राजनीतिक नहीं है बल्कि समाज में सुधार का है। हम चाहते हैं कि पाकिस्तान के लोगों में फिर से उम्मीद, गरिमा और सम्मान का भाव जगे। हम चाहते हैं कि आम लोग भी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कर सकें। रेहम खान ने कहा कि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार में प्रशासन ठीक से नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि यहां हर काम तब होता है, जब लोग परेशान हो जाते हैं और सड़कों पर उतर आते हैं।

रेहम खान इमरान खान की दूसरी पत्नी थीं। दोनों की शादी 2014 में हुई थी, लेकिन 10 महीने ही साथ रह सके और तलाक हो गया। 2018 में रेहम खान ने अपनी आत्मकथा भी लिखी थी।

इस पुस्तक में उन्होंने इमरान खान से शादी और रिलेशनशिप को लेकर विस्तार से लिखा था। रेहम खान खुद भी पाकिस्तानी मूल की हैं और पश्तून परिवार से ताल्लुक रखती हैं। लेकिन उनका जन्म लीबिया में हुआ था। उनका परिवार लंबे अरसे से पाकिस्तान से दूर रहा है और वह भी सालों तक लंदन में रही हैं। यहां वह बीबीसी में पत्रकार थीं।

# आसिम मुनीर के राष्ट्रपति बनने की तैयारी? शहबाज शरीफ से मिले, अटकलें तेज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में बड़े सियासी बदलाव की अटकलें हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ सेना प्रमुख आसिम मुनीर और राष्ट्रपति आसिफ जरदारी की मुलाकात ने चर्चाएं और बढ़ा दी हैं। कहा जा रहा था कि मुनीर राष्ट्रपति पद पर जरदारी की जगह ले सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। पाकिस्तान सरकार के मंत्री भी इन्हें खारिज कर रहे हैं।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को राष्ट्रपति आवास में पीएम शरीफ ने जरदारी से मुलाकात की। इसके कुछ देर पहले ही मुनीर पीएम आवास पर पहुंचे और शरीफ से मीटिंग की। मंगलवार शाम हुई एक के बाद एक उच्च स्तरीय बैठक ने राष्ट्रपति बदलने की अटकलों को हवा दे दी है।

अखबार से बातचीत में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि राष्ट्रपति के इस्तीफे और उनकी जगह सेना प्रमुख के लेने का मुद्दा राष्ट्रपति जरदारी और पीएम शहबाज की मीटिंग में उठा जरूर था, लेकिन उन्होंने ऐसी सभी खबरों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि ये अटकलें एक मीडिया स्टोरी के बाद सामने लगने लगी थी, जिसे बाद में संभवतः वापस ले लिया था।

आसिफ ने सभी अटकलों को खारिज किया है और कहा है कि राष्ट्रपति जरदारी को सभी घटनाक्रमों की




जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने सरकार और मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था में पूरा भरोसा दिखाया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति इस मुद्दे से अवगत हैं और सरकार में पूरा भरोसा दिखाया है। उन्होंने कहा कि पीएम ने राष्ट्रपति को अपुष्ट खबरों और घटनाक्रमों से अवगत कराया है।

रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की है कि पीएम की अगुवाई वाली प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रपति से मिलने से पहले शहबाज शरीफ ने आसिम मुनीर से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा के लिए हफ्ते में तीन बार मुलाकात करते हैं। आसिफ ने कहा, सेना प्रमुख को राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है।

# गाजा में बढ़ रहा कुपोषण, संयुक्त राष्ट्र की दूत ने नरसंहार रोकने के लिए किया वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

**बोगोटा, एजेंसी।** गाजा में इस्राइल के हमलों और खाद्य आपूर्ति पर लगाए प्रतिबंधों ने हालात बिगाड़ दिए हैं। खाद्य आपूर्ति बंद होने से गाजा पट्टी में बच्चों में कुपोषण की दर दोगुनी हो गई है। वहीं गाजा में संयुक्त राष्ट्र की दूत ने दुनियाभर के देशों से नरसंहार को रोकने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है। उधर, गाजा में हुए नए इस्राइली हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत 90 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं।

**20 लाख से ज्यादा फलस्तीनी भुखमरी से जूझ रहे :** मार्च में इस्राइल के हमले फिर से शुरू होने और गाजा में सभी खाद्य और अन्य आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने के बाद से 20 लाख से ज्यादा फलस्तीनी भुखमरी से जूझ रहे हैं। यूएनआरडब्ल्यूए ने कहा कि उसने जून में अपने क्लीनिकों में पांच साल से कम उम्र के लगभग 16,000 बच्चों की जांच की। इसमें पाया कि उनमें से 10.2 प्रतिशत गंभीर रूप से कुपोषित थे। जबकि मार्च में 15,000 बच्चों में से 5.5 प्रतिशत कुपोषित मिले। यूनिसेफ ने भी कहा कि कुपोषण के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। इस



सप्ताह उसके क्लीनिकों ने जून में बच्चों में कुपोषण के 5,870 मामले दर्ज किए, जो लगातार चौथे महीने की वृद्धि है और फ़रवरी में दर्ज लगभग 2,000 मामलों से दोगुने से भी ज्यादा है।

**हमास के सदस्य की मौत :** गाजा में शरणार्थी शिविर पर हुए एक हमले में फलस्तीनी विधायिका के 68 वर्षीय हमास सदस्य मोहम्मद फराज अल-घोल की मौत हो गई। जबकि एक पुरुष, एक महिला और उनके छह बच्चे भी मारे गए। शिफा अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार शाम गाजा शहर के तेल अल-हवा जिले में एक घर पर हुए सबसे घातक हमलों में एक परिवार के 19 सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में आठ महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक दैनिक रिपोर्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में इस्राइली हमलों में मारे गए 93 लोगों के शव गाजा के अस्पतालों में लाए गए हैं। जबकि 278 लोग घायल भी हैं।

**हर देश करे इस्राइल के साथ संबंधों की समीक्षा: अल्बानीज :** गाजा में संयुक्त राष्ट्र की दूत फ्रांसेस्का अल्बानीज ने कोलंबिया की राजधानी में 30 देशों के प्रतिनिधियों से बात की। कई प्रतिभागी देशों ने इस हिंसा को फलस्तीनियों के विरुद्ध नरसंहार बताया है। अल्बानीज़ ने कहा कि हर देश को तुरंत इस्राइल के साथ सभी संबंधों की समीक्षा करनी चाहिए और उन्हें निलंबित करना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसका निजी क्षेत्र भी ऐसा ही करे। इस्राइली अर्थव्यवस्था इस कब्जे को बनाए रखने के लिए बनी है जो अब नरसंहार में बदल गया है।इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता दक्षिण अफ्रीका और कोलंबिया ने की है। इसमें हेग समूह के सदस्य भी भाग ले रहे हैं, जो आठ देशों का एक गठबंधन है, जिसने हाल ही मेंइस्राइल के साथ सैन्य संबंध समाप्त करने तथा नेतन्याहू के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के गिरफ्तारी वारंट का अनुपालन करने का वचन दिया था।

सम्मेलन में देशों ने कहा है कि वे पिछले साल जारी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के उस फैसले का पालन करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें कहा गया था कि फलस्तीनी क्षेत्रों पर इस्राइल का कब्जा अवैध है। दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के प्रवक्ता क्रिसपिन फिरी ने कहा कि यह जरूरी है कि हम सार्थक तरीके से कानून के शासन के लिए खड़े हों। यह विचार कि अंतरराष्ट्रीय कानून केवल वैश्विक दक्षिण के देशों पर ही लागू किया जा सकता है, अब टिकाऊ नहीं रह गया है।

# दीप्ति ने पहले वनडे में भारत को दिलाई जीत, इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट से जीता मैच

**साउथम्पटन (एजेंसी)।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपने बल्लेबाजी कौशल और धैर्य का शानदार परिचय देते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा जिससे भारत ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट से जीत दर्ज की।



दीप्ति ने 64 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 62 रन बनाए जिससे भारत ने 259 रन का लक्ष्य 10 गेंद शेष रहते हुए हासिल कर दिया। इस तरह से भारत ने वनडे विश्व कप के लिए अपनी तैयारी की अच्छी शुरुआत भी की। दीप्ति ने अपनी पारी के दौरान जेमिमा रोड्रिग्स (54 गेंदों पर 48 रन) के साथ 14.2 ओवर में पांचवें विकेट के लिए 90 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अंतिम ओवरों में ऑलराउंडर अमनजोत कौर (14 गेंदों पर 20 रन) ने भी अहम योगदान दिया।

भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल (36), उप कप्तान स्मृति मंधाना (28), हरलीन देओल (27) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाई जिससे भारत का स्कोर एक समय चार विकेट पर 124 रन हो गया था। इसके बाद दीप्ति और रोड्रिग्स ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत दीप्ति के प्रदर्शन से काफी खुश थीं और उन्होंने रोड्रिग्स की भी तारीफ की जो दो रन से अर्धशतक से चूक गईं। उन्होंने कहा, 'हमने जिस तरह की गेंदबाजी की, उससे मैं खुश हूं। हमने जिस तरह की बल्लेबाजी की, उससे भी बहुत खुश हूं, खासकर दीप्ति से। उसकी पारी अहम थी। हमें लगा कि हमने 20-30 रन ज़्यादा दे दिए। यह बल्लेबाज़ी के लिए अच्छा विकेट था। हम फ़ील्डिंग पर काम कर रहे हैं, हमने आज दो मौके गंवाए। हम बेहतर करने की कोशिश करेंगे। जेमी और दीप्ति ने जिस तरह से धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की उसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है।'

इससे पहले भारत की युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने दो विकेट झटककर प्रभावित किया लेकिन सोफिया डंकले की 92 गेंद में नाबाद 83 रन की पारी की मदद से इंग्लैंड ने छह विकेट पर 258 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। गौड़ (नौ ओवर में 55 रन देकर दो विकेट) और ऑफ स्पिनर स्नेह राणा (10 ओवर में 31 रन देकर दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद उसने 97 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन एलिस डेविडसन रिचर्ड्स ने 73 गेंद में 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली और डंकले के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 106 रन की भागीदारी निभाई। डंकले ने अपनी पारी में नौ चौके लगाए।

## 'मैंने यह ऋषभ पंत से सीखा है', दीप्ति शर्मा ने एक हाथ से लगाए छक्के का श्रेय पंत को दिया

साउथेम्प्टन (यूके)। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ पहले वनडे में अपनी शानदार पारी पर बात की, जहां वह जेमिमा के साथ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रही थीं और ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थीं। दीप्ति शर्मा के शानदार अर्धशतक और ऑलराउंडर स्नेह राणा के शानदार स्पेल ने गुरुवार को साउथेम्प्टन में तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में इंग्लैंड पर चार विकेट से जीत हासिल करने में भारत की अहम भूमिका निभाई। भारतीय महिला टीम ने अब अपने पिछले 12 वनडे में से 11 जीते हैं, और यह सिलसिला दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हुआ था। दीप्ति शर्मा ने मैच के बाद कहा, 'मैं ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थी। मैं जेमिमा के साथ साझेदारी बनाना चाहती थी, लगातार 5-6 रन प्रति ओवर बनाना चाहती थी। (उनके स्वीप शॉट्स पर) मैंने शुरुआती दिनों में इस पर काफी काम किया है, और इस तरह की पिच पर इससे मदद मिलती है। (एक हाथ से छक्का लगाने पर) मैं ये शॉट अभ्यास में खेलती हूं, मैंने ये ऋषभ पंत से सीखा है। हम पहले भी इंग्लैंड में खेल चुके हैं, हमें इन परिस्थितियों में मजा आता है।' दीप्ति शर्मा इस मैच में भारत की ओर से सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं और उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। दीप्ति के नाबाद 62 रन भारतीय महिला टीम के लिए वनडे में छठे या उससे नीचे के क्रम पर रनों का पीछा करते हुए बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ वेदा कृष्णमूर्ति के 52* रन (विजयवाड़ा, 2016) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

# बांग्लादेशी स्पिनर महेदी हसन की शानदार गेंदबाजी, हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा



**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** स्पिनर महेदी हसन ने बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच निर्णायक टी20आई मैच में 4-1-11-4 के औसत से शुरुआत की जिससे टाइगर्स ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में मैच और सीरीज दोनों जीतते हुए इतिहास रच दिया। एक छोर से गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए महेदी ने हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। महेदी ने पावरप्ले में दो ओवर फेंकते हुए किफायती चार विकेट लिए जिससे उन्होंने श्रीलंका के शीर्ष 5 बल्लेबाजों में से चार को आउट कर दिया, जिससे श्रीलंकाई टीम कोलंबो में निर्णायक मैच में सिर्फ 132/7 पर सिमट गई।

महेदी ने अपने शानदार स्पेल के जरिए आर प्रेमदासा स्टेडियम में टी20आई मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेहमान गेंदबाज होने का हरभजन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरभजन ने 2012 के टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया था और केवल 12 रन देकर 4 विकेट लिए थे जबकि महेदी ने 4 विकेट के लिए 11 रन दिए।

किसी गेंदबाज के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड इस भारतीय स्पिनर के नाम था, लेकिन 2021 की सीरीज में वानिंदु हसरंगा ने 4-9 के उल्लेखनीय आंकड़े के साथ भारतीय के रिकॉर्ड को तहस-नहस कर दिया। जोश हेजलवुड (4-16) और महेदी के हमवतन मुस्तफिजुर रहमान (4-21) जैसे खिलाड़ियों ने पिछले कुछ वर्षों में मेहमान खिलाड़ियों के रूप में हरभजन के रिकॉर्ड को चुनौती दी है, लेकिन बांग्लादेशी स्पिनर ने इसे तोड़ा।

महेदी ने तीसरे नंबर पर आए कुसल परेरा के विकेट के साथ शुरुआत की जो पारी के दूसरे ओवर में गोल्डन डक पर आउट हो गए। स्पिनर ने पावरप्ले के पांचवें ओवर में दिनेश चांदीमल का विकेट लिया, इसके बाद श्रीलंकाई कप्तान चरित असलांका का भी विकेट लिया और उस समय 46 रन पर खेल रहे सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका की गेंद पर कैच एंड बोल्ड आउट हुए।

## जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन बनाने के करीब पहुंचे

लंदन। भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक और कीर्तिमान के करीब पहुंच गए हैं। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने नाबाद 61 रन बनाए, हालांकि भारत यह मुकाबला 22 रन से हार गया। यह जडेजा का इंग्लैंड में लगातार चौथा अर्धशतक था, जिसमें बर्मिंघम और लॉर्ड्स दोनों में जुड़वां फिफ्टी शामिल हैं। इस तरह वे सौरव गांगुली और ऋषभ पंत के क्लब में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड में लगातार चार बार 50+ स्कोर बनाए थे। लॉर्ड्स टेस्ट की चौथी पारी में यह जडेजा का पहला अर्धशतक रहा। इंग्लैंड में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने अब तक 942 रन बना लिए हैं, जिससे वह वेस्टइंडीज के महान ऑलराउंडर गैरी सोबर्स (1097 रन) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इस दौरान जडेजा ने एक शतक और सात अर्धशतक लगाए हैं। भारत की दूसरी पारी में सातवां विकेट गिरने के बाद टीम ने 301 गेंदें खेलीं, जो टेस्ट की चौथी पारी में अंतिम तीन साझेदारियों में सबसे अधिक है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 294 गेंदों का था, जो इंग्लैंड ने 2015 में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था। जडेजा और जसप्रीत बुमराह ने 22 ओवर तक साझेदारी निभाई, जो पिछले दस वर्षों में भारत के लिए 9वें या 10वें विकेट के लिए सबसे लंबी साझेदारी रही।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहेंगे आंद्रे रसेल

**किंग्स्टन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल 22 जुलाई को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद अपने 15 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगे। रसेल की सबसे बड़ी उपलब्धि 2012 और 2016 में टी20 विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम का सदस्य होना है। वह 2019 से केवल टी20 प्रारूप में ही खेल रहे हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज का 84 टी20 अंतरराष्ट्रीय, 56 वनडे और एक टेस्ट मैच में प्रतिनिधित्व किया है।

जमैका के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया था, लेकिन वह अपने अंतिम दो अंतरराष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे। रसेल ने भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप से सिर्फ सात महीने पहले अपने फैसले की घोषणा की।



रसेल ने क्रिकेट वेस्टइंडीज द्वारा जारी बयान में कहा, 'मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक है।% इस आक्रामक ऑलराउंडर ने 84 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 61 विकेट लिए हैं और 1078 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान निकोलस पूरन के 30 साल की उम्र से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने की घोषणा के एक महीने बाद वह संन्यास ले रहे हैं।

# चौथे टेस्ट से कटेगा करुण नायर का पत्ता! इस युवा बल्लेबाज को मिल सकता है मौका

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। वहीं पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरुआती तीन मैचों में भारत के ज्यादातर बल्लेबाजों ने बड़े रन बटोरे हैं लेकिन करुण नायर को दूसरा मौका दिया फिर भी वह उसे भूना नहीं पाए। चौथे टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन तय होने पर सिर्फ उन्हीं का नाम हट सकता है। आठ साल बाद टीम इंडिया के लिए वापसी कर रहे करुण नायर ने अपनी 6 पारियों में से ज्यादातर में अच्छी शुरुआत की लेकिन वह उसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए।



वहीं पूर्व भारतीय विकेटकीपर दीप दासगुप्ता का कहना है कि सुदर्शन को वापस लाने का समय आ गया है। लॉर्ड्स में दूसरी पारी में वह ब्रायडन कार्स की अंदर आती गेंद की लाइन एंव लेंथ का सही अनुमान नहीं लगा पाए और आउट हो गए। तीसरे नंबर पर भारत को नायर से मजबूती दिलाने की उम्मीद थी क्योंकि उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रनों का पहाड़ खड़ा करने के बाद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। भारत पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से पीछे है और अगला मैच अभी एक हफ्ते दूर हे, ऐसे में प्रबंधन को फैसला लेना होगा कि नायर के साथ बने रहें या फिर युवा साई सुदर्शन को मौका दिया जाए। जिन्हें अपने पहले मैच के बाद अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया था। बाहर किए गए बाएं हाथ के इस बेहतरीन बल्लेबाज कोई बड़ी गलती नहीं की और ऐसा आठवें नंबर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाजी विकल्प को शामिल करने के लिए किया गया।

दासगुप्ता ने पीटीआई से कहा कि, आप अब भी सीरीज में बने हुए हैं क्योंकि लॉर्ड्स टेस्ट मैच भी बेहद करीबी था। नतीजा किसी भी तरफ जा सकता था। उन्होंने कहा कि, लेकिन मैं तीसरे नंबर पर देख रहा हूं। क्या करुण नायर अब भी खेलते रहेंगे या आप साई सुदर्शन जैसे युवा खिलाड़ी को खिलाना चाहेंगे। जो पहले टेस्ट मैच की आखिरी पारी में सहज दिखे थे?

## कैफ का चौकाने वाला दावा: इंग्लैंड ने बुमराह को चोटिल करने की रची थी साजिश

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने लॉर्ड्स टेस्ट को लेकर एक चौंकाने वाला दावा किया है। उनके अनुसार, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने जानबूझकर जसप्रीत बुमराह को चोटिल करने की साजिश रची थी। लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए इस मैच की आखिरी पारी में जसप्रीत बुमराह ने बेहद साहसिक बल्लेबाजी की थी और रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर इंग्लैंड की जीत की उम्मीदों को झटका देना शुरू कर दिया था। भारत को 193 रनों का लक्ष्य मिला था और आखिरी विकेट के लिए बुमराह-जडेजा की जोड़ी डटकर खेल रही थी, तभी इंग्लैंड ने आक्रामक रणनीति अपनाई। कैफ ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि जैसे-जैसे भारतीय जोड़ी लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी, इंग्लैंड खेमे में घबराहट बढ़ती जा रही थी। इसी दबाव में स्टोक्स और आर्चर ने बुमराह पर बाउंसर फेंकने की योजना बनाई। उन्होंने कहा कि अगर बुमराह आउट नहीं होते, तो उनका इरादा उन्हें चोटिल करने का था। कैफ के मुताबिक, गेंदबाजों के दिमाग में अकसर यह बात रहती है कि विरोधी टीम के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी को किसी तरह चोट पहुंचाकर बाहर किया जाए। यही सोच इंग्लैंड के गेंदबाजों की भी थी, जो अंत में सफल रही और बुमराह का विकेट गिर गया। इस साझेदारी के दौरान बुमराह ने 54 गेंदों का सामना किया और केवल 5 रन बनाए, लेकिन उनका विकेट इंग्लैंड के लिए सबसे अहम साबित हुआ। भारत यह मैच 22 रनों से हार गया और सीरीज में इंग्लैंड ने 2-1 की बढ़त बना ली। कैफ ने यह भी बताया कि इंग्लैंड ने मोहम्मद सिराज को भी निशाना बनाने की कोशिश की थी और एक बार तो उनके कंधे पर गेंद लगी थी।



# प्रो लीग में खराब प्रदर्शन भारतीय टीम के लिए एक चेतावनी: श्रीजेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व महान हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का खराब प्रदर्शन अगस्त में होने वाले एशिया कप से पहले एक चेतावनी है।

श्रीजेश ने कहा, 'मुझे लगता है कि टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए, हमने मैदान पर कड़ी टक्कर दी, लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि परिणाम हमारे खिलाफ जाता है। यह परिणाम एशिया कप और अगले साल होने वाले विश्वकप और एशियाई खेलों जैसे अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले हमारे लिए एक चेतावनी है।'

भारत एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में लगातार सात हार के बाद अंक तालिका में आठवें स्थान पर रहा था। एशिया कप 2025 राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। हॉकी विश्वकप 2026 बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में 14 से 30 अगस्त तक खेला जायेगा। एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर, 2026 तक आयोजित होंगे। श्रीजेश ने इस बात पर खुशी जताई कि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ रहने के लिए दौड़ को अपना रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'प्रत्येक वर्ष अधिक लोग इसमें शामिल हो रहे हैं और दौड़ना (दिल्ली हाफ मैराथन में) और भी लोकप्रिय होता जा रहा है, यह रोमांचक है, लोगों को स्वयं को चुनौती देनी चाहिए और लय में आना चाहिए।' भारत की पुरुष राष्ट्रीय अंडर-21 टीम के मुख्य कोच ने कहा कि एक कोच के रूप में उनका मुख्य काम यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी दबाव से निपटना सीखें। उन्होंने कहा, 'एक कोच के रूप में मेरा काम खिलाड़ियों पर से दबाव कम करना है। मैं उन्हें बताता हूँ कि जूनियर विश्वकप के दौरान लगभग 10 हजार लोग आपका उत्साहवर्धन करेंगे और चिल्लायेंगे, इन बातों को स्वीकार करें। एक कोच होने के नाते खिलाड़ियों के साथ अपने खेल के अनुभव को साझा करना बहुत महत्वपूर्ण है।' पुरुष एफआईएच हॉकी जूनियर विश्वकप 2025 चेन्नई में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा।



# वेस्टइंडीज-पाकिस्तान मैच फॉर्मेट को लेकर नहीं बनी सहमति




नई दिल्ली। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच अगस्त में प्रस्तावित क्रिकेट सीरीज को लेकर दोनों देशों के बोर्डों में असहमति का माहौल बन गया है। 1 से 12 अगस्त तक अमेरिका और कैरेबियाई द्वीपों में दोनों टीमों को तीन-तीन टी20 और वनडे मैच खेलने हैं, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि यह पूरी सीरीज केवल टी20 प्रारूप में खेली जाए। इसके विपरीत वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड इस मांग को स्वीकार नहीं कर रहा और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी मैच कराने पर अड़ा है। पाकिस्तान का तर्क है कि अगले साल भारत और श्रीलंका में टी20 विश्व कप होना है, ऐसे में टीम को ज्यादा से ज्यादा टी20 मैच खेलने चाहिए ताकि तैयारी पुख्ता की जा सके। इसी कारण पीसीबी वनडे सीरीज को भी टी20 सीरीज में बदलने का आग्रह कर रहा है। लेकिन वेस्टइंडीज की स्थिति अलग है। पिछली बार जब भारत में वनडे विश्व कप खेला गया था, तो वेस्टइंडीज की टीम उसमें जगह नहीं बना पाई थी। इसी वजह से वह 50 ओवर के मुकाबलों को लेकर गंभीर है और इस फॉर्मेट में ज्यादा मैच खेलना चाहता है। इस विवाद पर वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के सीईओ क्रिस डेहरिंग ने कहा कि फिलहाल शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया गया है और पीसीबी से बातचीत जारी है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान सिंगापुर में और चर्चा होगी। वेस्टइंडीज बोर्ड इस बात को लेकर आश्वस्त है कि त्रिनिदाद में खेले जाने वाले मैच वनडे ही होंगे और किसी बदलाव की संभावना कम है। मौजूदा कार्यक्रम के अनुसार, 1, 2 और 4 अगस्त को अमेरिका के फ्लोरिडा में तीन टी20 मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि 8, 10 और 12 अगस्त को त्रिनिदाद के तारोबा में तीन वनडे मैच होंगे। दोनों बोर्डों के बीच इस फॉर्मेट विवाद का हल सिंगापुर में होने वाली बातचीत के बाद ही निकलने की उम्मीद है। अगर सहमति नहीं बनती, तो सीरीज के आयोजन पर भी असर पड़ सकता है।

## ऋषभ पंत को तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत है : जैक रसेले

लंदन। लंदन के एक पॉश इलाके में पेंटिंग बनाने में व्यस्त इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज जैक रसेल का मानना है कि भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने खेल से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं लेकिन उन्हें विकेटकीपिंग की कुछ तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत है। रसेल को क्रिकेट जगत की खबरों पर नजर रखना पसंद है। अगर वह मैदान पर नहीं होते तो वह लाइव स्कोर देखते हैं। वह रोज पेंटिंग करते है, फिर भी उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के लिए लॉर्ड्स जाने का समय निकाला। खुद एक विकेटकीपर होने के नाते उनके पास जैमी स्मिथ और पंत जैसे खिलाड़ियों के लिए एक सलाह भी है। उन्होंने कहा, 'कई अच्छे विकेटकीपर रहे हैं। मैं कहूंगा कि मेरे समय में एलन नॉट और बॉब टेलर मेरे दो नायक थे।' रसेल ने कहा, 'लेकिन मुझे सैयद किरमानी को देखना पसंद था। जब मैं छोटा था, तब मैं उन्हें बहुत देखता था। मुझे लगता था कि वह एक अच्छे विकेटकीपर हैं।' मौजूदा विकेटकीपरों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'पंत की बात करूं तो आपको उन्हें खेलते हुए देखना पंसद आएगा ही। वह चाहे बल्लेबाजी कर रहे हों, या विकेटकीपिंग, आपको उन्हें देखना अच्छा लगेगा। इसलिए वह एक मनोरंजक खिलाड़ी हैं।' उन्होंने कहा, 'और यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि वह कार दुर्घटना के बाद भी क्रिकेट भी खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ी जैमी स्मिथ इंग्लैंड के सर्वकालिक महानतम बल्लेबाज और विकेटकीपर बनेंगे क्योंकि उनमें बहुत हुनर है। आप उसे गिलक्रिस्ट की श्रेणी में रख सकते हैं।' पंत की विकेटकीपिंग में किसी कमी के बारे में पूछने पर रसेल ने कहा, 'वह गलतियां करेगा क्योंकि तकनीकी रूप से कुछ चीजें हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है। लेकिन वह शानदार प्रदर्शन करेगा और गलतियां भी करेगा। ज्यादातर विकेटकीपर गलतियां करते हैं। इंग्लैंड में विकेट लेना काफी मुश्किल है। इसलिए वह यहां परफेक्ट नहीं होगा, लेकिन उसकी बल्लेबाजी बहुत मजबूत है।' रसेल ने कहा, 'पर उसे विकेटकीपिंग में कुछ काम करने की जरूरत है, स्टंप तक खड़े होने में बस थोड़े-बहुत बदलाव करने होंगे। अगर वह मुझसे पूछेगा तो मैं उसे बता दूंगा। लेकिन ये छोटी चीजें हैं।'

# 'जब वह खेलते हैं तो टीम ज्यादा हारती है', चौथे टेस्ट से पहले पूर्व इंग्लैंड स्टार का बुमराह पर बड़ा बयान

**लंदन (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह का कार्यभार टीम के लिए सिरदर्द बना हुआ है क्योंकि यह तेज गेंदबाज इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों में से एक से बाहर हो सकते हैं। वहीं इस चर्चा के बीच इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड का मानना है कि जब बुमराह प्लेइंग 11 का हिस्सा होते हैं तो भारत ज़्यादा मैच हारता है। इंग्लैंड लॉर्ड्स में करीबी जीत के बाद पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे है।

इंग्लैंड दौरे की शुरुआत से पहले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पुष्टि की थी कि बुमराह इंग्लैंड में 5 में से दो मैचों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि प्रबंधन और खिलाड़ी खुद जोखिम लेने के मूड में नहीं हैं। अब तक बुमराह ने तीन में से दो मैच खेले हैं, जिनमें से भारत हेडिंग्ले और लॉर्ड्स में खेले गए दोनों मुकाबलों में हार गया। उनकी अनुपस्थिति में आकाश दीप और मोहम्मद सिराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को एजबेस्टन में इंग्लैंड को हराने में मदद की।

पिछले हफ्ते लॉर्ड्स में इंग्लैंड के हाथों भारत की 22 रनों से हार के बाद ऐसी खबरें आ रही थीं कि बुमराह को 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले मैच के लिए आराम दिया जा सकता है। हालांकि एक रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह के मैनचेस्टर में खेलने की संभावना है, क्योंकि भारत ओवल में होने वाले अंतिम मैच से पहले सीरीज बराबर करने के लिए बेताब है।

लॉयड ने टॉकस्पोर्ट क्रिकेट को बताया, 'उन्होंने यही कहा है और कोच गौतम गंभीर ने भी यही कहा है कि वह 5 में से तीन टेस्ट मैच खेलेंगे। इसलिए उनके पास एक विकल्प है। अभी दो मैच बाकी हैं। वह दो मैच खेल चुके हैं। अगर वे अपनी बात पर खरे उतरते हैं, तो उन्हें ओल्ड ट्रैफर्ड में अगला मैच खेलना चाहिए। लेकिन फिर आप जानते हैं, वे इसे बदल सकते हैं, है ना? अगर वह ओल्ड ट्रैफर्ड में अगला मैच खेलते हैं और वे 2-2 से बराबरी कर लेते हैं, तो आप सोचेंगे कि वह ओवल में भी खेलेंगे। मैं अभी कुछ और अनुमान लगा रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि वह अगला मैच खेलेंगे और देखेंगे कि वे कहां हैं। अगर इंग्लैंड 3-1 से हार जाता है, तो वह नहीं खेलेंगे। लेकिन अगर 2-2 का स्कोर होता है, तो वह ओवल में खेलेंगे।'

लॉयड ने बुमराह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जब वह प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होते हैं तो भारत ज़्यादा मैच हारता है। उन्होंने आगे कहा, 'यह असाधारण है। ऐसा कहा जाता था कि जब वह खेलते हैं तो टीम ज़्यादा हारती है, बजाय इसके कि जब वह नहीं खेलते और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं। उनका एक्शन अजीब और खराब है, लेकिन वह पूरी तरह से अच्छे गेंदबाज हैं।' 2018 में अपने पदार्पण के बाद से बुमराह ने 47 टेस्ट मैच खेले हैं और उनमें टीम का जीत-हार का रिकॉर्ड 20-23 है।



## रिद्धिमान साहा देंगे खिलाड़ियों को कोचिंग, यह राज्य मुख्य कोच बनाने की तैयारी में

नई दिल्ली। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने के छह महीने बाद भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक रिद्धिमान साहा कोचिंग के क्षेत्र में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं क्योंकि बंगाल क्रिकेट संघ (CAB) ने उन्हें अंडर-23 राज्य टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने में दिलचस्पी दिखाई है। इस 40 वर्षीय ने इस साल जनवरी में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लीग चरण अभियान के अंत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। ऐसा माना जा रहा है कि बंगाल के पूर्व कप्तान लक्ष्मी रतन शुक्ला सीनियर टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे जबकि पूर्व ऑफ स्पिनर सौरभ लाहिड़ी अंडर-19 टीम के कोच होंगे। CAB के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'CAB के अधिकारी अगले हफ्ते तक विभिन्न टीमों के लिए सभी उम्मीदवारों पर फैसला कर लेंगे। निश्चित रूप से रिद्धिमान से बात हो चुकी है और अगले हफ्ते अंतिम फैसला लिया जाएगा। सौरव गांगुली और पंकज रॉय के अलावा वह 40 टेस्ट के साथ बंगाल का बड़ा नाम हैं।' उन्होंने कहा, 'इतने लंबे समय तक शीर्ष स्तर का क्रिकेट खेलने का उनका अनुभव बंगाल क्रिकेट की अगली पीढ़ी के लिए फायदेमंद साबित होगा। रिद्धिमान पहले से ही कई कोचिंग सेंटर चलाते हैं और वह जूनियर खिलाड़ियों के लिए एक बेहद अनुभवी कोच रहे हैं। वह कोचिंग के प्रति जुनूनी हैं। उम्मीद है कि वह इसके लिए तैयार होंगे।'



# टेस्ला के आने से घरेलू ईवी कंपनियों पर फिलहाल नहीं पड़ेगा बड़ा असर

## - कंपनी भारत में नहीं बनाएगी कार

**नई दिल्ली ।**

टेस्ला ने भारत में अपनी मिड-साइज इलेक्ट्रिक एसयूवी वाई मॉडल लॉन्च कर दिया है, जिसकी शुरुआती कीमत करीब 60 लाख रुपये है। यह वाहन भारत में निर्मित नहीं होगी, बल्कि टेस्ला अपने शंघाई प्लांट से पूरी तरह निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में इसे आयात करेगी। भारत में आयातित इलेक्ट्रिक वाहनों पर 70 से 100 प्रतिशत तक टैक्स लगता है, जो कार की कीमत को और बढ़ा देता है। इस कारण टेस्ला की कीमत घरेलू कंपनियों के मुकाबले काफी अधिक है। भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में टाटा मोटर्स की हैरियर ईवी और महिंद्रा की एक्सईवी 9ई जैसे मॉडल 21 से 31 लाख रुपये की कीमत रेंज में उपलब्ध हैं, जो टेस्ला के मुकाबले किफायती विकल्प हैं। इसी वजह से विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल टेस्ला की एंट्री से घरेलू ईवी निर्माताओं की बाजार हिस्सेदारी पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा। वैश्विक स्तर पर टेस्ला की जून तिमाही में बिक्री में 13.5 फीसदी की गिरावट आई है और इसलिए भारत में प्रवेश टेस्ला के लिए रणनीतिक कदम माना जा रहा है। हालांकि, भारतीय बाजार में टेस्ला फिलहाल बीवायडी, ह्युंडई, किआ जैसे ब्रांडों से 45-60 लाख रुपये की कीमत रेंज में मुकाबला करेगी। इस प्रकार, टेस्ला की एंट्री से घरेलू ईवी कंपनियों को फिलहाल कोई खतरा नहीं दिखता, बल्कि यह बाजार को और प्रतिस्पर्धात्मक और उन्नत बनाने में मदद करेगी।




# स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेज का शेयर 15 फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली ।**

स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेज लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 407 रुपये से 15.23 प्रतिशत बढ़त के साथ बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर यह शेयर 436.10 रुपये पर खुला और बाद में 469 रुपये तक पहुंच गया। एनएसई पर भी शेयर ने 6.87 प्रतिशत की बढ़त के साथ 435 रुपये पर कारोबार शुरू किया। कंपनी का सुबह के कारोबार में बाजार मूल्यांकन 5,241.48 करोड़ रुपये रहा। स्मार्टवर्क्स का 583 करोड़ रुपये का आईपीओ पिछले सोमवार को 13.45 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ के लिए 387 से 407 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था। यह कंपनी प्रमुख सह-कार्यस्थल प्रदाता है और बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद, गुरुग्राम, चेन्नई जैसे बड़े शहरों में सेवाएं प्रदान करती है। शेयर की अच्छी बढ़त ने निवेशकों का भरोसा दिखाया है।




# टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और बॉश के बीच सेमीकंडक्टर निर्माण में रणनीतिक साझेदारी



## दोनों कंपनियां मिलकर करेंगी काम

**नई दिल्ली ।**

टाटा समूह की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने जर्मनी की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी रॉबर्ट बॉश जीएमबीएच के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। दोनों कंपनियां मिलकर असम और गुजरात में सेमीकंडक्टर निर्माण व चिप पैकेजिंग से जुड़ी इकाइयों की स्थापना करेंगी। समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार, असम में प्रस्तावित असेंबली और परीक्षण इकाई तथा गुजरात में स्थापित होने वाली फाउंड्री (चिप निर्माण इकाई) में दोनों कंपनियां मिलकर काम करेंगी। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में एक समग्र और आत्मनिर्भर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित करना है, जो वैश्विक बाजार की जरूरतों को पूरा कर सके। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि यह सहयोग भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर विनिर्माण मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह भागीदारी वैश्विक ग्राहकों के लिए प्रतिस्पर्धी समाधान प्रदान करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक की बढ़ती मांग को देखते हुए यह साझेदारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत और लचीला बनाएगी। उन्होंने इसे भारत में तकनीकी क्षमता के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।

# टीसीएस की नई बेंच पॉलिसी पर बवाल

## एनआईटीईएस ने श्रम मंत्रालय से की शिकायत




**नई दिल्ली ।**

देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की नई बेंच पॉलिसी को लेकर विवाद हो गया है। नेसेंट इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (एनआईटीईएस) ने इस नीति को शोषणकारी और अमानवीय बताते हुए श्रम और रोजगार मंत्रालय को एक पत्र लिखा है। टीसीएस ने हाल ही में एक नई बेंच पॉलिसी लागू की है, जिसके तहत कर्मचारी अधिकतम 35 दिनों तक बिना प्रोजेक्ट के रह सकते हैं। इसके बाद उनके करियर में गिरावट या नौकरी जाने का खतरा बना रहता है। कंपनी का कहना है कि कर्मचारियों को साल में कम से कम 225 दिन प्रोजेक्ट पर कार्य करना जरूरी है, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। एनआईटीईएस के अध्यक्ष का कहना है कि यह नीति कर्मचारियों पर मानसिक दबाव डालती है और उन्हें संस्थागत रूप से डर के माहौल में धकेलती है। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी नॉन-परफॉर्मर नहीं, बल्कि कुशल पेशेवर हैं, जो अस्थायी रूप से बिना प्रोजेक्ट के होते हैं। प्रोजेक्ट न मिलने की स्थिति कई बार बिजनेस प्राथमिकताओं या आंतरिक प्रक्रियाओं की विफलता का परिणाम होती है, जिसकी जिम्मेदारी कंपनी की होनी चाहिए, कर्मचारियों की नहीं। एनआईटीईएस का आरोप है कि यह पॉलिसी कर्मचारियों को लगातार निगरानी और दबाव में रखती है, जिससे वे खुद को केवल एक बोझ की तरह महसूस करने लगते हैं। यूनियन ने मंत्रालय से हस्तक्षेप कर इस नीति की जांच और सुधार की मांग की है।

# रिजर्व बैंक घटाएगा ब्याज की दरें

## घर, कार और वाहनों की बिक्री घटी, सस्ती लोन से बढ़ेगी मांग?

**मुंबई ।**

रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया की अगस्त माह में बैठक होने वाली है। इस बैठक में ब्याज की दरों को घटाने के बारे में निर्णय लेने की बात की जा रही है। जून माह की बैठक में रेपो रेट 0.5 फ़ीसदी घटकर 5.50 फीसदी किया गया था। अभी तक इसमें एक फ़ीसदी की कटौती हो चुकी है।

रिजर्व बैंक का मानना है कि 2025-26 में रिटेल महंगाई 2.1 फ़ीसदी पर आ गई है। जुलाई अगस्त माह में महंगाई दर 1 फ़ीसदी पर आ सकती है। 1 अप्रैल 2025-26 के बाद जिस तेजी के साथ महंगाई दर घट रही है। वह 1990 के बाद 2025 की प्रथम तिमाही में कम हुई है।

जून माह में कारों की बिक्री 16 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। बड़े शहरों में घरों की बिक्री 20 फ़ीसदी तक घट गई है। जून माह में रत्न और आभूषणों में 7 फ़ीसदी की गिरावट निर्यात मे आई है। आयात भी भारत का लगभग 7 फ़ीसदी घटा है। मांग को बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक, ब्याज दरों में अगस्त माह में और भी कटौती कर सकता है। इस बात की संभावना रिजर्व बैंक के सूत्रों द्वारा जताई जा रही है। आर्थिक विशेषज्ञ भी यह मानकर चल रहे हैं। रिजर्व बैंक जल्द ही ब्याज की दरों को घटा सकता है। ताकि बाजार की मांग को बढ़ाया जा सके। कम ब्याज होने से लोगों की ईएमआई भी कम होगी। आम उपभोक्ता को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध होगा।




# कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को 2,293 करोड़ के नए ठेके मिले

**नई दिल्ली ।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) ने अपनी अंतरराष्ट्रीय अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर लगभग 2,293 करोड़ रुपये के नए ठेके हासिल किए हैं। ये ठेके भारत में भवन व कारखाना खंड (बीएंडएफ)और विदेशी बाजारों में विद्युत पारेषण एवं वितरण परियोजनाओं से संबंधित हैं। कंपनी के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन ठेकों से कंपनी की बीएंडएफ ऑर्डर बुक मजबूत हुई है और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल ऑर्डर का आकार 9,443 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह वृद्धि कंपनी के भविष्य के विकास के लिए सकारात्मक संकेत है। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स वर्तमान में 30 से अधिक देशों में परियोजनाएं चला रही है और 75 देशों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। कंपनी ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण) क्षेत्र में अग्रणी है और लगातार अपनी बाजार स्थिति को सुदृढ़ कर रही है।



# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता, उपभोक्ताओं को राहत नहीं

**नई दिल्ली ।**

देश की सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेट्रोल की कीमत 104.88 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 90.36 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर बनी हुई है। पिछले एक दिन से यहां ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश के अन्य प्रमुख शहरों में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बड़ी फेरबदल देखने को नहीं मिली। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर और डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर की दर से उपलब्ध हैं। चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए तथा डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपए और डीजल 90.76 रुपए प्रति लीटर तय की गई है। देश के कई हिस्सों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपए प्रति लीटर के ऊपर बनी हुई है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर महंगाई का दबाव बना हुआ है। मार्च 2024 में तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में प्रति लीटर दो-दो रुपए की कटौती की थी, लेकिन उसके बाद से अब तक कीमतों में कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। सरकारी तेल कंपनियां रोजाना सुबह पेट्रोल-डीजल की कीमतों को अपडेट करती हैं, जिससे उपभोक्ता हर दिन नवीनतम दरों से अवगत रह सकें। हालांकि, मौजूदा स्थिरता से उम्मीद है कि आने वाले कुछ समय में भी कीमतों में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

# पंजाब में बनेगी 22 उद्योग-विशेष समितियां: संजीव अरोड़ा

**चंडीगढ़।** पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ने गुरुवार को घोषणा की कि राज्य सरकार नई औद्योगिक नीति तैयार कर रही है, जिसके लिए 22 उद्योग-विशेष समितियां गठित की जाएंगी। इन समितियों में संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। प्रत्येक समिति में 8 से 10 सदस्य होंगे और एक चेयरमैन नियुक्त किया जाएगा। अरोड़ा ने बताया कि इन समितियों को सरकार को सुझाव देने और नीतिगत बदलाव सुझाने का अधिकार होगा। समितियों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा, और उन्हें 45 दिन के भीतर अपनी पहली रिपोर्ट सौंपनी होगी। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इन समितियों की सिफारिशों के आधार पर नई नीति का प्रारूप तैयार करेगी। सरकार का उद्देश्य है कि यह नीति उद्योगों की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द लागू की जाए।

# नायडू ने 2047 तक आंध्र प्रदेश को भारत का शीर्ष राज्य बनाने का खाका किया पेश

**अमरावती ।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने राष्ट्रीय राजधानी में एक आर्थिक विकास योजना का विस्तृत खाका पेश किया। यह रिपोर्ट भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से गठित आर्थिक वृद्धि कार्यबल द्वारा तैयार की गई है। इसका उद्देश्य 2047 तक आंध्र प्रदेश को भारत के अग्रणी और विश्वस्तरीय राज्यों में शामिल करना है। मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि आंध्र प्रदेश 2047 तक भारत का सबसे उत्कृष्ट राज्य बन जाएगा, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरेगा। इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की विकास यात्रा को नई दिशा देने के लिए यह खाका एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। इस योजना के तहत आंध्र प्रदेश का लक्ष्य 2047 तक 2400 अरब अमेरिकी डॉलर का सकल राज्य घरेलू उत्पाद हासिल करना है। इसके अलावा, राज्य 450 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात को भी प्राप्त करना चाहता है। इसके साथ ही अन्य कई महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को हासिल कर आर्थिक समृद्धि और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा। आंध्र प्रदेश की यह आर्थिक रूपरेखा राज्य की आर्थिक विविधता, उद्योगों के विकास, बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, तकनीकी नवाचार और निवेश को बढ़ावा देने पर आधारित है। इस योजना से राज्य के कृषि, उद्योग, सेवा क्षेत्र, और निर्यात को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद है।

# डीएलएफ की अंधेरी में 900 करोड़ की लग्जरी आवास परियोजना शुरू

## - वेस्टपार्क परियोजना में कुल 416 लग्जरी अपार्टमेंट्स होंगे




**मुंबई ।** देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड ने मुंबई के रियल एस्टेट बाजार में एक बार फिर कदम रख दिया है। कंपनी ने अंधेरी (पश्चिम) में एक लग्जरी आवासीय परियोजना वेस्टपार्क की शुरुआत की है, जिसमें वह लगभग 900 करोड़ का निवेश कर रही है। डीएलएफ ने इस परियोजना को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बिल्डर ट्राइडेंट समूह के साथ साझेदारी में विकसित किया है। यह कदम कंपनी की मुंबई बाजार में जुलाई 2023 में की गई पुनःप्रवेश घोषणा का हिस्सा है। डीएलएफ होम डेवलपर्स के एक अधिकारी के अनुसार, वेस्टपार्क परियोजना में कुल 416 लग्जरी अपार्टमेंट्स होंगे। यह परियोजना 5.18 एकड़ में फैली हुई है और यहां फ्लैट्स की कीमत 4 करोड़ से 7.5 करोड़ के बीच रखी गई है। इनकी कीमत 42,000 से 47,000 रुपए प्रति वर्ग फुट होगी। उन्होंने बताया कि परियोजना की कुल बिक्री से 2,300 करोड़ की आय की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की शुरुआती प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है और कंपनी पहले चरण में लगभग 200 यूनिट्स बेचने की योजना बना रही है। डीएलएफ अब तक 185 से अधिक रियल एस्टेट परियोजनाएं पूरी कर चुका है और 35.2 करोड़ वर्ग फुट से ज्यादा क्षेत्र विकसित कर चुका है। इस नई परियोजना के साथ कंपनी ने मुंबई के प्रतिस्पर्धी बाजार में मजबूती से वापसी की है।

# भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में गिरावट

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 375.24 अंक के साथ 82,259.24 और निफ्टी 100.60 अंक के साथ 25,111.45 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 101.55 अंक की गिरावट के साथ 59,519.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 22.75 अंक की कमजोरी के साथ 19,117.30 पर था।

सेक्टर के आधार के अनुसार ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मीडिया, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा हरे निशान में बंद हुए। जबकि फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी और एनर्जी लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, ट्रेंट, टाइटन, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा खूब चढ़े थे।

टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), एलएंडटी, टीसीएस, एक्सिस बैंक और बजाज फिनसर्व गुरुवार को शेयर बाजार में कमजोर साबित हुए थे।बाजार जानकार ने बताया कि भारतीय शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए क्योंकि निवेशकों ने पहली तिमाही के नतीजों विशेष रूप से टेक्नोलॉजी और बैंकिंग क्षेत्रों में सुस्त घोषणाओं के बीच सतर्कता बरती है। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के कारण लार्ज-कैप शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन और एफआईआई के आउटफ्लो के कारण बाजार प्रतिभागी अलग-थलग रहे।

उन्होंने कहा कि मंदी रुझान के बावजूद मजबूत घरेलू तरलता और रियल्टी व उपभोग आधारित शेयरों में चुनिंदा खरीदारी ने गिरावट को सीमित रखने में मदद की, जिससे व्यापक बाजार सीमित दायरे में रहा। घरेलू मैक्रो फंडामेंटल, जैसे जीडीपी वृद्धि और स्थिर मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति, मध्यम से लंबी अवधि में सहायक बने हुए हैं। भारतीय शेयर बाजार कारोबारी सत्र में सपाट खुला था। शुरुआती कारोबार में सुबह 9ः39 पर सेंसेक्स 60 अंक या 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 82,574 और निफ्टी 21 अंक या 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,191 पर था।



# भारत में रिकॉर्ड बिक्री से बीएमडब्ल्यू को मिली राहत

**नई दिल्ली ।**

भारत से सहित दुनिया भर में साल 2025 की पहली छमाही में बीएमडब्ल्यू ग्रुप ने अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं एशिया में खासकर चीन में उसे बड़ा झटका लगा है। कंपनी की चीन में बिक्री पहली छमाही में 15.5 प्रतिशत तक गिर गई, जबकि दूसरी तिमाही में 13.7प्रतिशत की कमी आई। पूरे एशियाई क्षेत्र में पहली छमाही में बिक्री 11.1प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 10.1प्रतिशत घटी। इसका कारण चीन की घरेलू इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों की बढ़ती प्रतिस्पर्धा, बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताएं और आर्थिक अनिश्चितता है। इस संकट ने बीएमडब्ल्यू को अपनी रणनीति पर फिर से विचार करने को मजबूर कर दिया है। हालांकि, भारत बीएमडब्ल्यू के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। 2025 की पहली छमाही में बीएमडब्ल्यू इंडिया ने अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन दर्ज किया। कार सेगमेंट में कंपनी ने 7,098 यूनिट्स बेचकर 21प्रतिशत की बढ़त हासिल की, जबकि मोटरसाइकिल सेगमेंट में 4,167 यूनिट्स की बिक्री के साथ 33प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई। भारत में कंपनी के स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल्स और इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई है, जिससे भारत बीएमडब्ल्यू की एशिया-पैसिफिक रणनीति में अहम स्थान पाने लगा है। वैश्विक स्तर पर भी बीएमडब्ल्यू ने इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में मजबूत प्रगति की है। 2025 की पहली छमाही में उसकी ईवी बिक्री 15.7प्रतिशत बढ़ी और ईवी व प्लग-इन हाइब्रिड वाहनों की संयुक्त बिक्री में 18.5प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी की 'नेयू क्लासे' नामक नई इलेक्ट्रिक वाहन रेंज इसी साल लॉन्च होने वाली है, जिससे चीन जैसे चुनौतीपूर्ण बाजार में फिर से पैर जमाने की उम्मीद है। ग्रुप स्तर पर बीएमडब्ल्यू एम, मिनी और रोल्स-रॉयस जैसे ब्रांड्स ने भी मजबूती दिखाई है।



# एनटीपीसी के सीएमडी का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा

**नई दिल्ली ।**

भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) गुरदीप सिंह का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। वे मूल रूप से 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन अब उनका कार्यकाल 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2026 तक बढ़ा दिया गया है। यह निर्णय विद्युत मंत्रालय के प्रस्ताव पर मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की मंजूरी के बाद लिया गया है। एनटीपीसी देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी है और यह विद्युत मंत्रालय के अधीन काम करती है। कंपनी के शीर्ष पद पर नेतृत्व की निरंतरता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस बढ़ोतरी के साथ गुरदीप सिंह एक और वर्ष तक कंपनी का नेतृत्व करेंगे। वहीं, सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने इस पद के लिए 12 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था, जिनमें से कई उम्मीदवार एनटीपीसी और अन्य सरकारी कंपनियों के निदेशक मंडल में शामिल थे। हालांकि पीईएसबी ने किसी भी उम्मीदवार को सीएमडी के पद के लिए उपयुक्त नहीं पाया। इस कारण से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के शीर्ष पद के लिए सही उम्मीदवार खोजने में अभी भी चुनौतियां बनी हुई हैं।



## बॉर्डर 2 की शूटिंग को लेकर उत्साहित दिखे सुनील शेट्टी के बेटे अहान

सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 में नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। ऐसे में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के जरिए बताया है कि पुणे में इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अहान शेट्टी वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं।

### अहान ने पुणे में पूरी की शूटिंग

शुक्रवार को अहान शेट्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर बताया है कि उन्होंने पुणे में अपनी शूटिंग कंप्लीट कर ली है। अहान ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में लिखा है और क्या है यह बॉर्डर? बस एक फौजी और उसके भाई हैं। पुणे में यह कार्यक्रम समाप्त हुआ अब अगले कार्यक्रम पर चलते हैं।

### वरुण धवन ने अहान के साथ चाय पी

इससे एक दिन पहले वरुण धवन ने भी बताया था कि पुणे में उन्होंने एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह अहान शेट्टी के साथ चाय और बिस्कुट खा रहे थे। वीडियो क्लिप शेयर करते हुए वरुण धवन ने लिखा बॉर्डर 2 चाय और बिस्कुट। एनडीए में शूटिंग पूरी हो गई है। हमने बिस्कुट के साथ सेलेब्रेट किया है।
पिता की तरह बनना चाहते हैं अहान
कुछ दिनों पहले अहान शेट्टी ने बॉर्डर 2 से जुड़ने के अपने सफर के बारे में बताया। उन्होंने कहा वह अपने पिता की तरह बनना चाहते थे जो बॉर्डर (1997) में नजर आए थे। उन्होंने अपने पिता और अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा हर बेटा कहीं न कहीं अपने बाप जैसा बनना चाहता है। बॉर्डर 2 – 23 जनवरी 2026।

### फिल्म के बारे में

आपको बता दें कि बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। फिल्म में भारतीय सेना की कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म के निर्माता भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी।



# शिल्पा शेट्टी का मॉलीवुड में काम ना करने की वजह का खुलासा

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को कन्नड़ मूवी केडी– द डेविल में देखा जाएगा। उन्होंने खुलासा किया कि मलयालम सिनेमा की फैन होने के बावजूद उन्होंने कभी इसमें काम क्यों नहीं किया! उन्होंने केडी.. के टीजर लॉन्च के मौके पर अपनी हिचकिचाहट के बारे में खुलासा किया। शिल्पा शेट्टी ने तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने खुलासा किया कि मलयालम फिल्म इंडस्ट्री से प्रोड्यूसर्स के कई ऑफर्स भी मिले। शिल्पा ने कहा, मैंने कभी उन्हें हां नहीं कहा, क्योंकि मैं डरी हुई थी।

### मलयालम सिनेमा से है प्यार


शिल्पा ने बताया कि मलयालम सिनेमा के लिए उनके दिल में बहुत प्यार है। उन्होंने कहा, मुझे मलयालम सिनेमा बहुत पसंद है और मैं इस बात से हैरान हूं कि ये इंडस्ट्री भावनाओं को कैसे पेश करती है। उन्होंने ये भी बताया कि मलयालम फिल्मों में कहानी और एक्टिंग एक अलग ही लेवल पर होते हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे कभी यकीन नहीं हुआ कि अगर मैं इस इंडस्ट्री में काम करूंगी तो अपने किरदार के साथ न्याय कर पाऊंगी। लेकिन देखते हैं, शायद मैं एक दिन कोई मलयालम फिल्म करूंगी।

### मोहनलाल संग करना चाहती हैं काम

जब शिल्पा से पूछा गया कि क्या मलयालम इंडस्ट्री में कोई एक्टर है, जिसके साथ वो काम करना चाहेंगी तो उन्होंने मोहनलाल का नाम लिया। उन्होंने कहा, वो शानदार हैं। इतने साल बाद भी वैसे ही दिखते हैं। वो इंडियन सिनेमा के सबसे अमेजिंग एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने ये भी बताया कि उनकी पसंदीदा फिल्म नोक्केथाधूराथु कन्नुम नट्टू है।

### फिल्म की कास्ट

केडी – द डेविल की बात करें तो इसका निर्देशन प्रेम कर रहे हैं। ध्रुव सरजा की एक्शन से भरपूर इस फिल्म में संजय दत्त, रेशमा नानैया, वी रविचंद्रन और रमेश अरविंद भी हैं।



## ऋषभ शेट्टी के साथ सम्राट कृष्णदेवराय पर फिल्म बनाएंगे आशुतोष गोवारिकर

**फिल्म कांतारा से दर्शकों के बीच पहचान बनाने वाले ऋषभ शेट्टी ने एक रोमांचक फिल्म साइन की है। खबरों के अनुसार वे बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता-निर्देशक आशुतोष गोवारिकर के साथ काम करेंगे। यह फिल्म व्यापक स्तर पर बनाई जाएगी।**

रिपोर्ट के मुताबिक आशुतोष गोवारिकर और ऋषभ शेट्टी विजयनगर सम्राट कृष्णदेवराय पर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म के जरिए सम्राट कृष्णदेवराय के जीवन की झलक को परदे पर दिखाएंगे। यह फिल्म पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण एनटीआर बायोपिक, जयललिता बायोपिक और कपिल देव बायोपिक बनाने वाले प्रसिद्ध टॉलीवुड निर्माता विष्णु वर्धन इंदुरी करेंगे।

### साउथ और बॉलीवुड के सितारे बनेंगे फिल्म का हिस्सा

आशुतोष गोवारिकर को लगान, स्वदेश और जोधा अकबर जैसी क्लासिक फिल्मों के लिए जाना जाता है। इसके अलावा उन्होंने मोहनजोदड़ो और पानीपत जैसी ऐतिहासिक फिल्में बनाने के लिए भी जाना जाता है। वह श्री कृष्णदेवराय की बायोपिक को बड़े पैमाने पर बनाने के लिए उत्साहित हैं। इस फिल्म में कई दक्षिण भारतीय और बॉलीवुड सितारे अहम किरदार अदा करते दिखेंगे।

### इन फिल्मों में नजर आएंगे ऋषभ शेट्टी




इस फिल्म को लेकर अभी और अपडेट सामने आना बाकी है। बात करें ऋषभ शेट्टी की तो वे फिल्म कांतारा 2 की तैयारियों में व्यस्त हैं। फिल्म कांतारा साल 2022 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इस फिल्म का निर्देशन भी खुद ऋषभ शेट्टी ने किया। इसके अलावा ऋषभ फिल्म जय हनुमान में भी नजर आएंगे। फिल्म जय हनुमान का निर्देशन प्रशांत वर्मा कर रहे हैं।

## मैंने धुरंधर जैसी फिल्म पहले कभी नहीं देखी



अभिनेता अर्जुन रामपाल अपनी आने वाली फिल्म धुरंधर को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने फिल्म के फर्स्ट लुक को मिल रही प्रतिक्रिया पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह फिल्म उनकी अब तक की किसी भी फिल्म से बिल्कुल अलग है। अभिनेता ने कहा कि ऐसी फिल्म उन्होंने पहले कभी नहीं देखी। अर्जुन ने कहा, फिल्म को बनाने से पहले मेकर्स ने काफी रिसर्च किया है। इसे बेहद अलग अंदाज में बनाया गया है। फिल्म की पूरी टीम ने अपने-अपने काम में पूरी मेहनत की है। फिल्म के फर्स्ट लुक को मिल रही प्रतिक्रिया को देखने के बाद मैंने निर्देशक आदित्य धर को गले लगा लिया। फिल्म में अर्जुन के अलावा रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त और अक्षय खन्ना भी अहम किरदार में हैं। अर्जुन ने इस फिल्म में एक ग्रे किरदार निभाया है। ग्रे किरदार उन्हें कहते हैं जो पूरी तरह से अच्छे या बुरे नहीं होते। उनमें दोनों तरह के गुण शामिल होते हैं। अर्जुन ने कहा, फिल्म में मेरे किरदार में थोड़ा गुस्सा और सही-गलत का मिलाजुला भाव होगा, जो दर्शकों के लिए बिलकुल नया और अनोखा होगा। धुरंधर फिल्म को आदित्य धर ने न सिर्फ निर्देशित किया है, बल्कि इसकी कहानी को लिखा भी है। यही नहीं, ज्योति देशपांडे और लोकेश धर के साथ मिलकर प्रोड्यूस भी किया है।

## बींदणी में मेरा किरदार बाहर से सख्त और अंदर से नर्म दिल वाला है



आगामी टीवी शो प्रथाओं की ओढ़े चुनरी – बींदणी में एक्टर आकाश जग्गा शामिल हो गए हैं। इसकी घोषणा शो के मेकर्स ने की। वह सीरियल में लीड किरदार निभाते नजर आएंगे। वह कुंदन नाम के लड़के का किरदार निभाएंगे, जो अंदर से बहुत भावुक है, लेकिन बाहर से सख्त दिखाई देता है। प्रथाओं की ओढ़े चुनरी ~ बींदणी एक महिला के अपने अस्तित्व को खोजने और साहस के साथ संघर्ष करने की कहानी है। शो का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर करते हुए आकाश जग्गा ने कहा, मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे सन नियो चैनल के शो प्रथाओं की ओढ़े चुनरी~ बींदणी में लीड रोल मिला है। कुंदन का किरदार बहुत ही गहराई वाला है, उसमें कई भावनात्मक परतें हैं। मुझे यकीन है कि जिस तरह मैं इस किरदार से जुड़ाव महसूस करता हूं, उसी तरह दर्शक भी इससे जुड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा, जब लेखक और प्रोड्यूसर रघुवीर शेखावत सर ने मुझसे कहा, तुम्हें इस रोल को निभाने में मजा आएगा, इसमें बहुत कुछ करने को है, उनकी ये बात मेरे दिल को छू गई।

## यादगार नहीं रहा शनाया का डेब्यू, बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी 'आंखों की गुस्ताखियां'

स्टारकिड शनाया कपूर का बॉलीवुड डेब्यू वैसा नहीं रहा, जिसकी उम्मीद की जा रही थी। उनकी डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' शुरुआती तीन दिनों में ही बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी है। बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 30 लाख रुपये से अपना खाता खोलने वाली 'आंखों की गुस्ताखियां' बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ती दिख रही है। फिल्म को वीकेंड का भी कोई लाभ नहीं मिला और शनिवार को जहां फिल्म ने सिर्फ 49 लाख रुपए का कलेक्शन किया। वहीं संडे को छुट्टी वाले दिन फिल्म की कमाई एक बार फिर घट गई। रविवार को अपने तीसरे दिन फिल्म सिर्फ 41 लाख ही जुटा पाई। इस तरह से शुरुआती तीन दिनों में 'आंखों की गुस्ताखियां' का कुल कलेक्शन सिर्फ 1.2 करोड़ रुपये ही हो पाया है। 'आंखों की गुस्ताखियां' का मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर राजकुमार राव की 'मालिक' और हॉलीवुड फिल्म 'सुपरमैन' से है। 'आंखों की गुस्ताखियां' की हालत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक भी दिन करोड़ में कमाई नहीं कर पाई है।





## जहराक बनकर स्क्रीन पर तबाही मचाएंगे करण वीर मेहरा

बॉलीवुड में जब भी किसी खतरनाक विलेन की बात होती है तो दर्शक कुछ डरावना देखने की उम्मीद करते हैं। बस इसी को ध्यान में रखते हुए करण वीर मेहरा अपनी नई फिल्म में विलेन की भूमिका को निभाने के लिए तैयार हैं। जी हां, उनकी आने वाली फिल्म 'सिला' में उनके खलनायक अवतार 'जहराक' की पहली झलक सामने आई है, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है।

### सिला में विलेन की भूमिका

निर्देशक ओमंग कुमार, जो 'मैरी कॉम' और 'सरबजीत' जैसी सशक्त फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, अब 'सिला' नाम की एक रोमांटिक-एक्शन फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में लीड रोल में हर्षवर्धन राणे और सादिया खतीब दिखाई देंगे, लेकिन जो सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रहा है, वो है करण वीर मेहरा का खतरनाक और आक्रामक विलेन लुक। करणरी ने अपने इस लुक को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जो अब फैंस को काफी पसंद आ रहा है। साथ ही ये ऐसा लुक है जिससे करणवीर बिल्कुल भी पहचान में ही नहीं आ रहे हैं। जब इंसाफ भी खुद और सजा भी! करण वीर ने सोशल मीडिया पर अपना लुक शेयर करते हुए लिखा – खुद ही खुदा, खुद ही इंसाफ! करणवीर की इस एक लाइन ने फैंस को उनके किरदार की गहराई और भयावहता का अंदाजा दे दिया है। पोस्टर में करण वीर लहूलुहान शरीर, लंबे उलझे बालों और हाथ में तलवार लिए युद्ध के लिए तैयार दिख रहे हैं। उनकी आंखों की आग और शरीर पर खून के धब्बों ने उन्हें एक क्रूर योद्धा के रूप में दिखाया है।

कहानी में ट्विस्ट लाने आ रहा है जहराक करण वीर का किरदार 'जहराक' फिल्म में काफी 'खतरनाक', इंटेंस' और 'डरावना' बताया जा रहा है। उनके लुक पर कई फैंस ने भी कमेंट किया है। उनके फैंस को लुक पसंद आया है। कई लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्हें फिल्म के आने का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की कहानी समीर जोशी ने लिखी है, जबकि डायलॉग्स आरंभ एम. सिंह ने तैयार किए हैं। संगीत की जिम्मेदारी अंकित तिवारी, सचेत-परंपरा, श्रेयस पुराणिक और एलेक्सिया एवलिन जैसे प्रतिभाशाली संगीतकारों के पास है। ये टीम पहले ही कई हिट गाने दे चुकी है, जिससे उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं।

## तीन चीजों पर काम कर रही हैं करिश्मा तन्ना

करिश्मा तन्ना ने सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है वह तीन चीजों पर काम कर रही है। अपने ऊपर, अपनी जिंदगी पर और अपने सुकून पर। करिश्मा तन्ना की तस्वीरों को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं।
एक यूजर ने लिखा है आपकी खूबसूरती का तोड़ नहीं। एक और यूजर ने लिखा है खूबसूरती की असली परिभाषा। करिश्मा तन्ना ने साल 2001 में टीवी सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अभिनय करियर की शुरुआत की। वह साल 2021 में बॉलीवुड फिल्म लाहौर कॉन्फिडेंशियल में नजर आईं थीं। वह बाल वीर, एफआईआर और नागिन 3 जैसे टीवी शोज में नजर आ चुकी हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in